हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 9 अगस्त 2025



# दो दिन के नवजात की मौत, प्रबंधन ने कहाः गंभीर बीमारी से ग्रसित था बच्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दो दिन के नवजात बच्चे की मौत का मामला सामने आया है। बुधवार को जन्मे बालक की शुक्रवार अलसुबह मौत हो गई। मृतक बच्चे के परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही की वजह से मौत हुई है। जबकि अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि बच्चा गंभीर बीमारी से ग्रसित था। उसके पिता को लगातार स्वास्थ्य की अपडेट की जा रही थी। लापरवाही का आरोप निराधार है।

मिली जानकारी के अनुसार रेंगकठेरा निवासी महिला अमरबती मरकंडे को 22 अगस्त की तारीख डिलीवरी को लेकर दी गई थी। ऐसे में वह रूटीन चेकअप कराने के लिए पिछले बुधवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंची थी। जांच के दौरान डॉक्टरों ने पाया कि महिला की लेटेस्ट सोनोग्राफी रिपोर्ट के अनुसार डिलीवरी के लिए इंतजार नहीं किया जा सकता। ऐसे में बुधवार को ही महिला को एडमिट कर उसका ऑपरेशन के जरिये डिलीवरी कराई गई। महिला को एक बालक हुआ था। बताया गया कि बालक अपनी पैदाईश के साथ ही गंभीर बीमारियों से ग्रसित था। जिसके चलते उसे तत्काल एनआईसीयू में दाखिल कर उसका इलाज शुरू कर दिया गया था। जिसकी मौत शुक्रवार सुबह हुई है। प्रबंधन ने साफ कर दिया है कि उनके द्वारा लगातार अपडेट मृतक बच्चे के पिता को दी जा रही थी, अन्य परिजनों को उन्होंने जानकारी दी या नहीं यह मृतक के पिता ही बता पाएंगे।

## ब्लड में इंफेक्शन, लो बीपी सहित निमोनिया जैसी शिकायतें थी, वेंटिलेटर पर रखा गया था

### इस तरह की परेशानी थी

अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार नवजात बच्चे को शुरूआत समय से ही सांस लेने में दिक्कत देखने को मिली थी। जिसके बाद उसे एनआईसीयू में दाखिल किया गया। जांच के दौरान यह पाया गया कि बच्चे का फेफड़ा पूरी तरह से नहीं खुल रहा है। आगे की जांच में बच्चे में निमोनिया और ब्लड में इंफेक्शन होने की पुष्टि हुई। हालत गंभीर होता देख बच्चे को वेंटिलेटर में रखा गया था।



### थाना पहुंचे परिजन

शुक्रवार सुबह नवजात बच्चे की मौत के बाद बच्चे के परिजन लालबाग थाना भी पहुंचे थे, जहां पहुंचकर उन्होंने पूरी कहानी थाना प्रभारी को बताई। थाना से एक स्टाफ को भी अस्पताल भेजा गया था, जहां प्रबंधन और मृतक बच्चे के पिता से बातचीत के बाद यह साफ हुआ कि प्रबंधन ने जानकारी पिता को दी थी, लेकिन बाकी परिजनों को इसकी जानकारी नहीं थी।

### रिफर करने की थी मांग

परिजन अपने नवजात बालक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे आगे के इलाज के लिए निजी अस्पताल में दाखिल करना चाहते थे, लेकिन प्रबंधन ने परिजनों को समझाया कि बच्चा वेंटिलेटर पर है, ऐसे में उसे कोई दूसरे अस्पताल में शिफ्ट करने में खतरा हो सकता है। हालांकि परिजनों ने भी हालत को देखते हुए प्रबंधन की बात मानते हुए बच्चे को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ही रखने का निर्णय लिया।

---

### सुबह डेढ़ घंटे का राहूकाल, मिठाई दुकानों में रहेगी सुबह से भीड़

# रक्षाबंधन में भद्रा का साया नहीं, बाजार में जमकर दिखी ग्राहकी, 1 करोड़ का व्यापार


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सावन महीने की पूर्णिमा तिथि पर मनाए जाने वाला रक्षाबंधन का त्यौहार आज है। अपने भाईयों की लंबी उम्र की कामना लिए बहनें आज रक्षासूत्र बांधेगी। भद्रा का साया नहीं होने से दिनभर राखियां बांधी जा सकेगी। हालांकि सुबह 9 बजकर 10 मिनट से पौने 11 बजे तक राहूकाल है। इस अवधि में राखी ना बांधने की सलाह पंडितों ने दी है। इधर राखी को लेकर सजे बाजार में शुक्रवार तक जमकर ग्राहकी देखने को मिली। एक अनुमान के अनुसार जिले में एक करोड़ से अधिक का व्यापार राखी बिक्री करने वाले व्यापारियों ने की।

भाई-बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन को लेकर हर्षोल्लास का माहौल है। इस मौके पर भाई के माथे में तिलक लगाकर बहनें रेशम की डोर बांधकर उज्जवल भविष्य की कामना करेंगी। पर्व को लेकर घर-घर में व्यापक तैयारियां की गई है। बाजार में भी सुबह से लेकर देर शाम तक खरीदी के लिए लोगों की उपस्थिति रही।

सावन महीने के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को कल शनिवार को भाई-बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन पारंपरिक रूप से मनाया जाएगा, जिसे लेकर हर्षोल्लास का माहौल है। घर-घर में पर्व को मनाने की तैयारियां की गई है। इस अवसर पर बहनें भाईयों की माथे में तिलक लगाकर व आरती उतारकर कलाई में रक्षा सूत्र बांधेंगी व उज्जवल भविष्य की कामना करेंगी। भाई बहनों को पर्व पर उपहार देंगे।


**भादो का होगा आगाज :** इधर रक्षाबंधन पर्व सावन पूर्णिमा के बाद भादो माह का आगाज हो जाएगा। भादो माह में भी लगातार त्यौहार व व्रत की श्रृंखला बनी रहेगी। इसी माह श्रीकृष्ण जन्माष्टमी सहित श्रीगणेश चतुर्थी पर्व मनाया जाएगा। रक्षाबंधन पर्व पर अंचल में हर्षोल्लास का माहौल है।



- 7.49 से 9.27 बजे तक शुभ बेला, 1 बजे तक अभिजीत बेला
- लाभ बेला 2.21 से 5.37 बजे तक, भद्रा का दिन में साया नहीं

### यात्री वाहनों में भीड़

इधर पर्व को लेकर यात्री वाहनों में भी विगत दो दिनों से यात्रियों की भीड़ का वातावरण बना हुआ है। शहर के नए व पुराने बस स्टैंड से लेकर रेलवे स्टेशन एवं ग्रामीण मार्ग के बस स्टैंड में सुबह से देर शाम तक भीड़ रही। पंडितों के अनुसार दिनभर रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा। यात्री वाहनों में आगामी दिनों भी लगातार भीड़ बने रहने की संभावना है।



### दिनभर मुहूर्त

पंडितों के मुताबिक इस वर्ष 8 अगस्त को दोपहर 2.12 बजे से मध्यरात्रि 1.53 बजे तक शुक्रवार की रात भद्राकाल रहेगा, इसलिए भद्राकाल की कोई समस्या नहीं होगी। 9 अगस्त को सुबह से दिनभर रक्षाबंधन के लिए मुहूर्त रहेगा। खासकर शुभ बेला सुबह 7.49 से 9.27 बजे, अभिजीत बेला 12.17 से 1.09 बजे, चंचल बेला 12.43 से 2.21, लाभ बेला 2.21 से 5.37 बजे तक रहेगा। दिनभर रक्षाबंधन के लिए मुहूर्त है।

### मिठाई दुकानों में भीड़

ज्ञात हो कि पर्व को लेकर पूर्व से ही शहर व ग्रामीण बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर एक से बढ़कर एक राखियों की दुकानें सजी हुई है, जहां से खरीदी भी की जा रही है। शुक्रवार को बाजार में सुबह से लेकर देर शाम तक पर्व की खरीदी करने के लिए लोगों की भीड़ बनी रही। राखी दुकानों के अलावा शहर के मिठाई दुकानों में भी सुबह से लेकर देर शाम तक काफी भीड़ रही। सामान्य दिनों की अपेक्षा आज दिनभर चहल-पहल की स्थिति निर्मित रही। इसके अलावा उपहार सामग्री, कपडे, ज्वेलरी सहित अन्य दुकानों में भी जमकर खरीदी की गई है।

---

### अं. चौकी जनपद उपाध्यक्ष के खिलाफ भाजपा में निष्कासन की तैयारी, पुलिस कर रही है जांच

# सरपंच से वसूली मामले में फंसे जपं उपाध्यक्ष को भाजपा ने थमाई नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



अंबागढ़ चौकी जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष के कुर्सी पर विराजमान भाजपा नेता शंकर तिवारी के वसूली तथा ब्लैकमेलिंग के मामले मे मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला भाजपा ने प्रकरण को बेहद गंभीरता से लेते नोटिस जारी कर जनपद उपाध्यक्ष को 5 दिनों के भीतर जवाब मांगा है। भाजपा नेताओं के मुताबिक उपाध्यक्ष की भाजपा पार्टी से निष्कासन तय बताया जा रहा है। इधर ब्लैकमेलिंग की शिकार कोरचाटोला की आदिवासी महिला सरपंच कौड़ीकसा भाजपा मंडल की उपाध्यक्ष के पद पर है।

उल्लेखनीय है कि अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम कोरचाटोला सरपंच एवं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नीलिमा ठाकुर ने प्रशासनिक अधिकारी जिला भाजपा अध्यक्ष को लिखित शिकायत व उनके साथ हो रहे ब्लैकमेलिंग तथा वसूली से जुड़े शिकायत, ऑडियो रिकॉर्ड, वीडियो क्लिप प्रेषित किया है। आदिवासी महिला कोरचाटोला की प्रधान नीलिमा ठाकुर ने शिकायत में कहा है कि अंबागढ़ चौकी जनपद उपाध्यक्ष शंकर तिवारी बीते कई दिनों से 70 हजार रुपए की मांग कर रहा है। वह इस ब्लैकमेलिंग से मानसिक रूप से प्रताड़ित हो गई है। उपाध्यक्ष द्वारा फिर से तत्काल 40 हजार की मांग पर 4 अगस्त सोमवार को जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी के परिसर में बुलाकर 15 हजार नगद लिया गया। कोरचाटोला की आदिवासी महिला सरपंच नीलिमा ठाकुर ने जिला भाजपा को लिखे पत्र में कहा है कि वह एक आदिवासी महिला सरपंच है। भाजपा परिवार की समर्थक है, पिछले कई वर्षों से पार्टी में काम कर रही है, वर्तमान में वह कौड़ीकसा मंडल में भाजपा उपाध्यक्ष का दायित्व निभा रही है, पति की मृत्यु हो गई है जनपद उपाध्यक्ष शंकर तिवारी द्वारा उसे बार-बार पैसों की मांग करते हुए मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया है। जिससे वह बुरी तरह से टूट चुकी है। जनपद उपाध्यक्ष द्वारा अन्य सरपंच व सचिवों से भी पैसों की मांग किया गया और वसूली की गई है।

### पार्टी की तरफ से जारी हुआ नोटिस

*अंबागढ़ चौकी जनपद उपाध्यक्ष शंकर तिवारी के ब्लैकमेलिंग अवैध वसूली के मामले में जिला भाजपा महामंत्री ने नोटिस जारी करते 5 दिनों के भीतर जवाब मांगा है। पार्टी को वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने बताया कि इस मामले से भाजपा बदनाम हो रही है, जल्द उक्त नेता के खिलाफ कार्रवाई करते निष्कासन सुनिश्चित की जाएगी।*

### वसूली के ऑडियो-वीडियो वायरल

*जनपद उपाध्यक्ष शंकर तिवारी द्वारा सरपंच के ऊपर ब्लैकमेलिंग कर दबाव बनाते फोन रिकॉर्डिंग तथा एक और वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें अपने ही पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष तथा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह को निपटाने की बात कही जा रही है।*

---

## खबर संक्षेप

### सारथीपारा में बैठक कल

**राजनांदगांव।** जिला संयुक्त सेवा भजन मानस मंडल की पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी की बैठक आगामी 10 अगस्त को शिव मंदिर सारथीपारा में दोपहर 2 बजे रखा गया है। बैठक में आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व मनाने पर विचार कर चर्चा एवं निर्णय लिया जाएगा। संगठन सचिव मोहन लाल सेन एवं संघ के सचिव अशोक सारथी ने मंडलियों के उस्ताद एवं सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है उक्त जानकारी संघ के सचिव अशोक सारथी एवं अध्यक्ष मनसुखलाल सोनकर ने दी।

### अप्रेंटिसशिप मेला 11 को

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस) अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में आगामी 11 अगस्त को सुबह 9 बजे से अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया गया है। अप्रेंटिसशिप मेला में विभिन्न प्रतिष्ठानों को अप्रेंटिसशिप एवं प्लेसमेंट हेतु आमंत्रित किया गया है।

### माय एंगल




# वाहन में तोड़फोड़ कर पैसे की मांग और गाली गलौज, तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वाहन में तोड़फोड़ कर गाली-गलौज व मारपीट कर पैसे की मांग करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच पड़ताल करते आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। एक आरोपी से चाकू बरामद कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 7 अगस्त की शाम 5 बजे वह अपने महिन्द्रा जितो वाहन से जालबांधा से लावा मिर्ची भरकर लगभग साढे छह बजे सब्जी मंडी राजनांदगांव गेट के पास पहुंचा था, तब गेट के सामने विधि के विरूद्व संघर्षरत बालक एवं उसके अन्य 3 साथी गंज मंडी के गेट के पास खड़े थे, तब वह अपने वाहन का हार्न बजाया तो आरोपियों ने उसके वाहन के पास आकर इसके वाहन के सामने के कांच को हाथ-मुक्का से मारने लगा। जिससे इसकी गाड़ी का कांच टूट गया। उसके बाद यह गाड़ी को बंद कर दिया तो चारो लोग इसके सामने आकर इसे पैसे की मांग करने लगा तथा नहीं देने पर अपने पास रखे लोहे के धारदार चाकू को निकालकर उसके ऊपर टिकाकर व लहराते हुए डराते-धमकाने लगे व सभी एक राय होकर इसे अश्लील गाली-गुप्तार कर हाथ-मुक्का से मारपीट कर विधि के विरूद्व संघर्षरत इसके दाहिने हाथ की कलाई को अपने दांतो से काट दिया। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 115(2), 296, 351 (2), 324 (4), 119(1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया।

### आरोपियों पर कार्रवाई

पुलिस के अनुसार प्रकरण को गंभीरता से लेते व कार्रवाई करते पुलिस ने आरोपी हर्ष कुमार साहू 25 साल, राहुल कंवर उम्र 19 साल, सावंत यादव 20 साल एवं विधि के विरूद्ध संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार किया तथा आरोपी हर्ष यादव के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक नग लोहे का धारदार चाकू जब्त कर आरोपियों एवं विधि के विरूद्ध संघर्षरत बालक को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय एवं किशोर न्याय बोड राजनांदगांव के समक्ष पेश किया गया।

# पुरानी रंजिश पर विवाद, चाकू से वार कर युवक की हत्या, 6 पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम बोदेला सिवनीखुर्द में गुरुवार को महाकाल यात्रा निकली हुई थी। गांव के लोग यात्रा में व्यस्त थे। इसी दौरान यात्री प्रतिक्षालय के पास गांव के एक युवक से कुछ लोगों का विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट के साथ ही धारदार हथियार से भी युवक पर हमला कर दिया गया। जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने इस मामले में 6 विधि से संघर्षरत बालको को अभिरक्षा में लिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिवनीखुर्द निवासी प्रार्थी जितेन्द्र बंजारे पिता पूरन बंजारे 27 वर्ष साकिन सिवनीखुर्द पुलिस चौकी तुमडीबोड़ ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 7 अगस्त की शाम करीबन साढ़े 7 बजे महाकाल रैली ग्राम बोदेला से सिवनीखुर्द की ओर से भ्रमण करने के बाद वापस बोदेला आने के बाद प्रसाद वितरण के समय विधि से संघर्षरत बालकों द्वारा युवराज बंजारे को हाथ-मुक्के व धारदार हथियार से पेट में मारने से चोंट आने के कारण उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव लेकर गए, जिसे डॉक्टर द्वारा मृत्यु होना बताया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर मर्ग धारा 194 बीएनएसएस कायम उपरांत विधि से संघर्षरत बालकों का कृत्य अपराध धारा सदर का पाए जाने से धारा 103(1), 192(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

### 6 विधि से संघर्षरत बालक पकड़े गए

पुलिस के अनुसार इस मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व मार्गदर्शन में पुलिस चौकी तुमडीबोड़ व सायबर राजनांदगांव साथ टीम गठित कर आरोपियों का लगातार पतासाजी कर प्रकरण के 6 विधि संघर्षरत बालकों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा आपसी रंजिश को लेकर युवराज बंजारे की हत्या करना स्वीकार करने पर विधि से संघर्षरत बालकों को 8 अगस्त को संबंधित माननीय प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड में पेश कर संरक्षात्मक अभिरक्षा में लिया गया।

# फर्जी सिम एजेंट गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** दूसरे के नाम पर फर्जी रूप से सिम उपलब्ध करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त पीओएस फर्जी सिम धारक, पीओएस संचालकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। विवेचना के दौरान आरोपी ईशु पटेल 20 साल पता ग्राम कोनारी थाना डोंगरगांव का पता तलाश कर पूछताछ कर कथन लिया गया। कथन में आरोपी ने बताया कि ग्राम मारगांव निवासी तीन लोगों के नाम पर नया सिम का ऑफर एक महीने का रिचार्ज फ्री मिलेगा, ऐसा लालच देकर नए सिम नंबर एक्टिवेट किया था। सिम को अपने मोबाइल नंबर से मित्रा ऐप चलाकर सिम एक्टिवेट करना व जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी के कब्जे से एक पोक्को मोबाइल जब्ती कर आरोपी को ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी डोंगरगांव जितेन्द्र वर्मा, आरक्षक गौरव शेंडे, दीपक जाटव, चंद्रपाल धृतलहरे की भूमिका सराहनीय रही।

### खाद की किल्लत और अल्पवर्षा बनी किसानों के लिए परेशानी

# पिछले आठ दिनों में सिर्फ 9 मिमी बारिश से फसल ग्रोथ प्रभावित, दो दिन बाद से झमाझम के आसार!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिले के तीन ब्लॉक में पिछले कुछ दिनों से मानसून ब्रेक की वजह का सीधा असर खेती पर देखने को मिल रहा है। सामान्य बारिश से पिछड़े हुए इन तीनों ही ब्लॉक के साथ ही जिले के अन्य इलाकों में भी बारिश की गतिविधियों में कमी आने से फसल की ग्रोथ प्रभावित हो गई है। खाद की दिक्कतों से परेशान किसानों को बारिश की चिंता सताने लगी है। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार आगामी 48 घंटे में बारिश का सिस्टम एक्टिव हो रहा है। जिससे बारिश की गतिविधियों में इजाफा देखने को मिलेगा।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर फिरोजपुर, चंडीगढ़, देहरादून, खैरी, पटना, बांकुरा, दीघा और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बांग्लादेश, पश्चिम बंगाल तट तथा उससे लगे उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर पूर्व उत्तरप्रदेश से दक्षिण बांग्लादेश तक बिहार, झारखंड, गंगेटिक पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग से होते हुए 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### ब्रेक की स्थिति से मिलेगा छुटकारा

प्रदेश में कल 9 अगस्त को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में 1-2 स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है। मानसून ब्रेक की स्थिति समाप्त होने के कारण मानसून द्रोणिका का पूर्वी छोर अपने सामान्य स्थिति से थोड़ा दक्षिण की ओर स्थित है। इसके कारण वर्षा की गतिविधि में वृद्धि होने की संभावना है। 12 अगस्त से प्रदेश में व्यापक वर्षा संभावित है।

### इन ब्लॉक में समस्या

पिछले दो सप्ताह से लगभग जिले में मानसून ब्रेक के हालत है, लेकिन सर्वाधिक दिक्कतें कुमरदा, एलबी नगर, छुरिया तहसीलों में देखने को मिली है। यह तीनों ही ब्लॉक में सामान्य से कम बारिश हुई है। किसानों से मिली जानकारी के अनुसार पर्याप्त पानी नहीं मिलने की वजह से खेतों में दरार, फसल ग्रोथ नहीं होने जैसी समस्या सामने आ रही है। ज्ञात हो कि जिले में अब तक 557 मिमी बारिश हुई है। पिछले आठ दिनों में महज 8 मिमी ही बारिश देखने को मिली है।

## खबर संक्षेप

### अलंकरण समारोह 28 को

**डोंगरगढ़।** नवम अग्र अलंकरण समारोह आगामी 28 अगस्त को एसएन लेस रायपुर में संपन्न होगा। इस अग्र अलंकरण समारोह में अग्र समाज के विभिन्न क्षेत्रों में परचम लहराने वाली शख्सियत को 11 हजार नगद, मोमेंटो और अग्र भूषण, अग्र गौरव, अग्र शिरोमणि आदि उपाधि से सम्मानित किया जाएगा।

### सांकरदाहरा में किया जल अभिषेक

**छुरिया।** सावन मास के पवित्र मौके पर जरहा महका के ग्रामीण अपने घरों



से जल लेकर कावड़ यात्रा सुबह प्रारंभ की और बाबा का जयकारा लगाते हुए मोक्षधाम सांकरदाहरा के लिए रवाना हुए। वह लगभग 25 किलोमीटर की दूरी पैदल तय कर सांकरदाहरा में भगवान शिव को जल अर्पित किया। इस यात्रा में बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं, युवती आदि शामिल हुए।

### जन्मदिन पर न्योता भोज आयोजित

**रूआतला।** शाला रूवातला में लोकमती वर्मा ने अपने जन्मदिवस पर न्यौता भोज का आयोजन किया। इस मौके पर बच्चों को पुरी, आलू चना



की सब्जी खिलाया गया। सभी बच्चों को चॉकलेट वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रधानपाठक एलके वर्मा, बंदिश नेमपांडे, आरके साव, संध्या गोस्वामी, प्रतीक्षादास, भारती देखमुख, नीतू वर्मा, प्रीतलाल साहू, प्रेमचंद वर्मा, अमीन कुरैशी, राजेश पंचभाई, राजेंद्र कुमार साहू, सरपंच कुमेश गहीने, शिव मंडावी, उपसरपंच खेमचंद साहू, सचिव नारायणदास साहू, रोजगार सहायक कलेश वर्मा, परसराम श्रीवास आदि उपस्थित थे।

### बच्चों ने बनाया रंगोली एवं तिरंगा

**मुरमुंदा।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत प्राथमिक शाला भरूहाटोला के



प्रधानपाठक धनुष राम कंवर, शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन में बच्चो ने रंगोली एवं तिरंगा बनाया। बच्चों में देशभक्ति और पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करने यह आयोजन किया गया था। इस अवसर पर संकुल समन्वयक प्रमोधदास सिरदार मौजूद थे।

### पुरवाही की गोष्ठी 10 को

**चिचोला।** पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा की मासिक गोष्ठी 10 अगस्त को कोमल सिंह गुरु के निज निवास मठपारा छुरिया में रखा गया है। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में परिचर्चा एवं दूसरे सत्र में कवियों द्वारा कविता पाठ किया जाएगा। परिचर्चा का विषय आजादी की लड़ाई में राजनांदगाँव जिला का योगदान है। पुरवाही के संयोजक ओमप्रकाश साहू, अध्यक्ष ग्वालाप्रसाद यादव, सचिव हेमलाल सहारे ने साहित्य प्रेमियों से उपस्थिति की अपील की है।

### शराबी पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**डोंगरगढ़।** थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह के निर्देशन में पुलिस ने जग्गु



ढिमर पिता स्व रामेशर ढीमर निवासी वार्ड 18, रितेश मंडावी पिता स्व शंकर मंडावी निवासी वार्ड 11, मोनिश ढीमर पिता संतोष ढीमर निवासी वार्ड 22 के विरूद्ध धारा 170, 125, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**डोंगरगढ़।** पीड़िता ने थाना में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि



आरोपी रजनु कंवर पिता स्व दउवा राम कंवर ने गत 6 अगस्त को 11-12 बजे घर में घुसने के बाद दरवाजा बंद कर उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने धारा 64 (2), 331(5) बीएनएस के तहत पंजीबद्ध आरोपी को गिरफ्त में लेकर रिमांड पर भेजा है।

### आरोपी को सश्रम कारावास

**डोंगरगढ़।** न्यायालय ने आरोपी दीपक सेन को धारा 65 (1), 332 क बीएनएस एवं लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा 5 (ठ), सहपठित धारा 6 के तहत क्रमशः 20 वर्ष, 5 वर्ष का सश्रम कारावास तथा 5000-1000 रूपए अर्थदण्ड से दंडित किया है। आरोपी दीपक सेन निवासी खंडुपारा ने पीड़िता के घर में घुसका बलात्संग करने का प्रयास किया। पीड़िता था अन्य साक्षियों के बयान के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश प्रतिभा वर्मा ने अभियुक्त दीपक सेन पिता मनराखन सेन को दंडित करने का आदेश पारित किया है। इस प्रकरण मे अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक ज्योति सोनवानी ने पैरवी किया।

### सावन के गीतों में थिरकी महिलाएं



**डोंगरगढ़।** मखियार वाल्मीकि समाज महिला समिति के तत्वावधान में रविवार को सावन उत्सव का आयोजन पुराने शंकर मंदिर प्रांगण में किया गया। आयोजन में समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। पूजा के पश्चात महिलाओं ने सावन गीतों पर नृत्य और भजन प्रस्तुत कर समां बांधा। महिला समिति की अध्यक्ष सुनीता बघेल ने बताया कि सावन मास भक्ति, सौंदर्य और परंपरा का प्रतीक है, जिसे महिलाएं मिलकर मनाती हैं। उन्होंने महिलाओं को हल्दी-कुमकुम लगाकर सम्मानित किया और श्रृंगार सामग्री प्रदान किया।

# सुरक्षा में लगे जवानों की कलाई सजी रक्षासूत्र से

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

भाई बहन के पवित्र पर्व रक्षाबंधन के दौरान भी नागरिक सुरक्षा में लगे पुलिस के जवानों को भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रक्षासूत्र बाँधकर मुंह मीठा कराया। रक्षाबंधन पर्व के एक दिन पहले महिलाओं ने स्थानीय थाना पहुंच कर ड्यूटी पर तैनाम पुलिस के जवानों को परम्परागत तरीके से राखी बांधा और उनकी निष्ठापूर्वक सेवा के लिए कृतज्ञता ज्ञापित किया। इस अवसर पर मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, पूर्व अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, पार्षद कोमल साहू, मनबोधी पटेल, हेमंत चोपड़ा, नपं अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, सीए हीना मंगल जैन, पद्मिनी ठाकुर, गायत्री यादव, ममता उइके, दीप्ति ठाकुर, ऋतु सोनकर, निर्मला सोनकर सहित अन्य महिलाए उपस्थित थी।





### बच्चों ने दिया जल संरक्षण का संदेश

**डोंगरगांव।** रक्षाबंधन पर्व को यादगार बनाने पर्यावरण प्रेमी भोज साहू ने कबाड़ से जुगाड़ करते हुए साइकिल के स्पोक, पुराने कपड़े से 5 फीट लंबी और 5 फीट चौड़ी राखी तैयार किया है। तीन रंगों की इस राखी को जवानों के नाम पर तैयार कर नीम के पेड़ पर बांधा गया। इसी क्रम में आत्मानंद स्कूल के बच्चों ने तख्ती बनाकर कुंआ बचाओ जल बचाओ की तख्ती लेकर रक्षाबंधन पर एक संदेश दिया है। इस आयोजन में थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा, प्रभारी प्रधानपाठक प्रमिला साहू, जेके खोबरागड़े, राजेन्द्र कुमार देवांगन, माधुरी एंथोनी, बृजकिशोर साहू, शहनाज खान, इंदू साहू सहित छात्र छात्राएं शामिल हुए।

### उपभोक्ताओं को पूर्ववत रियायत देने की मांग

# बिल ज्यादा, बिजली कम कांग्रेस ने किया घेराव

### कांग्रेसजनों ने सरकार पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

भाजपा सरकार द्वारा बिजली बिल हॉफ योजना में किए गए बदलाव के बाद 400 यूनिट की जगह 100 यूनिट तक की खपत पर ही उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। सरकार के इस फैसले के विरोध में कांग्रेस ने बिजली बिल हॉफ योजना की निर्धारित 400 यूनिट खपत की सीमा को यथावत रखने की मांग को लेकर महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। जिला मुख्यालय मोहला में जिला कांग्रेस कमेटी ने विद्युत सहायक अभियंता कार्यालय का घेराव कर तहसीलदार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया है। जिला अध्यक्ष सुरजीत ठाकुर के अनुसार बिजली बिल योजना 400 यूनिट तक खपत को कम कर भाजपा सरकार जनता के साथ खिलवाड़ कर रही है। सरकार के इस फैसले से जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा।



#### भाजपा ने किया विश्वासघात

विधायक इंद्रशाह मंडावी ने इस मौके पर कहा कि बिजली बिल हॉफ योजना में केवल 100 यूनिट तक लाभ देने का फरमान जारी कर भाजपा सरकार ने जनता के साथ विश्वासघात किया है। नए फरमान से जनता को अतिरिक्त आर्थिक भार सहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 400 यूनिट तक छूट देकर लोगों को आर्थिक संबल दिया था। उन्होंने कहा कि लोग पहले ही बिजली की अनियमित सप्लाई से परेशान हैं और अब बिजली दरों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी किया गया है।

**इनकी रही मौजूदगी**

उक्त अवसर पर महामंत्री लता साव, ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल खलीक, युवा अध्यक्ष अजय राजपूत, गमिता लोनहरे, उत्तरा निषाद, दादू शिंदे, नगीना साहू, हेमा साहू, रोहिदास साहू, राजकुमार ध्रुव, राधेश्याम साहू, रोहिदास साहू, सोहन लाल धुर्वे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# बैठक में हुई शैक्षिक गतिविधियों पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में गत दिनों पालक-शिक्षक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में सरपंच, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य, पालक, स्टाफ आदि शामिल हुए। शिक्षक थंगेश्वर साहू ने बैठक की उद्देश्यों की जानकारी दी। बच्चों की अकादमिक प्रगति, परीक्षा, उल्लास साक्षरता कार्यक्रम, एक पेड़ मां के नाम अभियान, अनुशासन, पुस्तकालय की उपलब्धता एवं विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म के बारे में बिंदुवार बताया। नोहरदास लिल्हारे ने मेरा कोना, छात्र दिनचर्या, आदि की जानकारी दी। राम वर्मा ने बच्चा बोलेगा बेझिझक, विद्यार्थियों की आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण, रिचा चंद्राकर ने प्रतियोगी परीक्षा एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति की जानकारी दी। प्राचार्य अशीम यदु ने शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए पालक और शिक्षक के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया। बच्चों की गतिविधियों से पालक एवं शिक्षक दोनों ही अवगत होकर प्रेरित करने कहा। इस दौरान अनुराधा ढोक, सरोज भुआर्य, रेखा मुरकुटे, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश नेताम, जितेंद्र कश्यप, नोहरदास लिल्हारे, पालकराम वर्मा, आशीष मसीह, हेमीन ठाकुर, सरपंच नंदिका कुंजाम, भोलाराम गायकवाड़, राजकुमार साहू, सुखचैन बंजारे, नेहरूराम टंडन, थानूराम, टीकमराम यादव, दुधराम, पुनेश्वर साहू, भूपेंद्र, सीएसबी कुंजाम, नंदेश्वरी, पुनीता मौजूद थे।

### संकुल स्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा 10 से

**पटेवा।** सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल पटेवा में दो दिवसीय संकुल स्तरीय क्रीड़ा एवं बौद्धिक प्रतियोगिता का 10 और 11 अगस्त को आयोजन किया गया है।

उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल होंगी। अध्यक्षता जनपद सदस्य तुलसी साहू करेंगी। विशिष्ट अतिथि सरपंच लक्ष्मी रविलाल वर्मा, आशीष वर्मा, रतन यादव ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष, विरेन्द्र हिरवानी, टीआर हिरवानी, जेआर साहू, एलएल साहू, युगराज जैन होगें। समापन पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू वर्मा के आतिथ्य में होगा। अध्यक्षता जिपं सदस्य किरण विनोद बारले करेंगी। विशिष्ट अतिथि कृष्ण कुमार वर्मा, लक्ष्मी रविलाल वर्मा, नरेन्द्र वर्मा, ललित साहू, टीआर हिरवानी, जेआर साहू, एलएल साहू होंगे। प्रतियोगिता में साल्हेवारा, बुंदेली, मुढ़ीपार, बाजार अतरिया, भण्डारपुर, गाड़ा घाट, सलौनी, खमतराई, टेमरी, पटेवा, पांडादाह के करीब 350 भैया बहन शामिल होंगे।

# स्कूल में लटका मिला ताला, शिक्षक गायब



■ जिला पंचायत सदस्य ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सरपंच की शिकायत पर जिला पंचायत सभापति अनिता मंडावी ने गत दिनों प्राथमिक शाला दमऊदहरा का जायजा लिया।

सरपंच ने स्कूल में एक भी शिक्षक के नहीं आने की शिकायत किया था। शिकायत के बाद श्रीमती मंडावी प्राथमिक शाला लमनाढार अपरान्ह 3 बजे पहुंची तो स्कूल बंद मिला। खेल रहे बच्चों ने बताया कि दोपहर एक बजे छुट्टी हो गई थी। यहां दो शिक्षक है लेकिन मौके पर एक भी उपस्थित नहीं था। इस दौरान सरपंच, अशोक मंडावी, सुरेश मंडावी, संतलाल वर्मा, संतोष वर्मा, घनश्याम वर्मा, भिड़ंत वर्मा आदि उपस्थित थे। ग्रामीणों ने लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई की मांग की है।

# पालक सम्मेलन में उठे कई मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई के पीएमश्री लाल मूरत सिंह खुसरो शासकीय अंग्रेजी विद्यालय में सोमवार को पालक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी थे। सम्मेलन में अभिभावकों और शिक्षकों ने कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा किया।

जिला शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बेहतर समन्वय बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्कूल की गतिविधियों और पढ़ाई की जानकारी अभिभावकों को शिक्षक दे साथ ही अभिभावक भी बच्चों के व्यवहार और गतिविधियों की सूचना शिक्षकों से साझा करें। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि हर घर में पढ़ाई का एक निश्चित कमरा होना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने पॉक्सो एक्ट के बारे में भी बताया।



#### सुझाव पेटी और जागरूकता का सुझाव

बैठक के अंत में कुछ अभिभावकों ने सुझाव दिया कि स्कूल में एक शिकायत-सुझाव पेटी होनी चाहिए। प्रार्थना के समय बच्चों को नैतिक शिक्षा दी जाए। सभी सुझावों पर जल्द ही काम करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष लाल तारकेश्वर शाह खुसरो, पार्षद दिलीप ओगरे, प्राचार्य पवन ददरया और बड़ी संख्या में अभिभावक, स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

#### अभिभावकों ने रखी शिकायतें

सम्मेलन के दौरान अभिभावकों ने स्कूल की व्यवस्था को लेकर कई शिकायतें रखीं। उन्होंने बताया कि बच्चों को होमवर्क तो दिया जाता है, लेकिन उसे ठीक से चेक नहीं किया जाता। शिक्षकों की कमी के कारण सभी कक्षाएं नियमित नहीं लग रही हैं, जिससे बच्चे हिंदी और संस्कृत जैसे विषयों में कमजोर हो रहे हैं। कुछ अभिभावकों ने यह भी बताया कि यूनिफॉर्म के लिए राशि नहीं मिली है और स्कूल के शौचालयों में गंदगी रहती है। अभिभावकों की शिकायतों पर जिला शिक्षा अधिकारी द्विवेदी ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया जारी है और एक सप्ताह में शिक्षकों की कमी दूर कर दी जाएगी। यूनिफॉर्म के लिए उन्होंने बताया कि पहली बार ही राशि उपलब्ध कराई गई थी, जिसके बाद शासन स्तर से कोई फंड नहीं मिला है। उन्होंने होमवर्क संबंधी शिकायत पर शिक्षकों को तुरंत समन्वय बनाकर काम करने का निर्देश दिया।

### पदाधिकारियों को आचार्यों ने दायित्व से कराया अवगत

# शिशु मंदिर में सांई और उषा बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में किशोर भारती और कन्या भारती का गठन किया गया है।

प्राचार्य प्रकाश यादव के संरक्षण, आचार्य सुरेश वैष्णव थैलेश साहू, बोधन भारद्वाज, त्रिवेणी मंडल के मार्गदर्शन में पदाधिकारी का चयन किया गया है। कार्यकारिणी में अध्यक्ष साईं साहू, उपाध्यक्ष अमन चौरसिया, सचिव प्रवीण वर्मा, सहायक प्रवीण कंवर, कोषाध्यक्ष मयंक निषाद, सहायक लक्ष्मीकांत सोनकर, रोमन, सेनापति ऋषभ वाल्दे, सहायक पूर्व डडसेना, शारीरिक प्रमुख ओमकार यादव, सहायक खिलेश साहू, योग



प्रमुख मेघराज वर्मा, सहायक पराग वर्मा, स्वच्छता प्रमुख लक्की सिन्हा, सहायक तुषार वर्मा, नागेश्वर साहू, सतीश सिन्हा, घोष प्रमुख प्रतीक कोचे, दुर्गेश निर्मलकर, सहायक लक्ष्मण यादव, कृष्णा करसायल, ध्वनि प्रमुख ओम चंद्राकर, सहायक शुभम जंघेल, संगीत प्रमुख ईश्वर वर्मा, सहायक आशीष जामुलकर, क्रीड़ा प्रमुख ईश्वर वर्मा, सहायक आशीष जामुलकर, संस्कृति प्रमुख आकाश, सहायक गुलशन साहू, वाहन प्रमुख हरीश वर्मा, सहायक मेहुल वर्मा, जल प्रमुख अतुल चौरे, सहायक तुषार वर्मा, चिकित्सा प्रमुख वेदांश टेम्बुरकर, सहायक हिमांशु वर्मा, पत्रकारिता प्रमुख रुद्रप्रताप नेती, सहायक सागर मालेकर, खोया पाया प्रमुख शौर्य अंबादे, अनुशासन प्रमुख विशाल परिहार, सहायक टीकम वर्मा है।


#### कन्या भारती का भी गठन

कन्या भारती में अध्यक्ष उषा उईके, उपाध्यक्ष खुशी वर्मा, सचिव वैदिक वैष्णव, सहायक विभा वर्मा, कोषाध्यक्ष ज्योति देवांगन, सहायक अलीना खान, उज्ज्वल वर्मा, संस्कृति प्रमुख यामिनी वर्मा, सौम्या साहू, सहायक प्रतिभा वर्मा, पूनम मंडावी, तानी साहू, शारीरिक प्रमुख काजल साहू, खुशी माली, प्रेरणा सिन्हा, वाहन प्रमुख नीलम मेश्राम, सहायक चंचल वर्मा, जल प्रमुख खुशबू कोसरिया, सहायक दीक्षासिंह ठाकुर, देविका सिन्हा, गीतांजलि वर्मा, चिकित्सा प्रमुख झलक देवांगन, सहायक तृप्ति वर्मा, पत्रकारिता प्रमुख खुशबू साहू, सहायक हर्षिता तिवारी, खोया पाया प्रमुख कामिनी वर्मा, नंदनी रजक, देविका जंघेल, सहायक डाली कंडरा, वृंदा कोचे, पारुल पराते, वंदना प्रमुख राशि सिन्हा, सोनाली चौरसिया, अनोखी श्रीवास्तव, घोष प्रमुख निकिता वर्मा, सुहानी चेलक, सहायक वंशिका समुद्रे, मनस्वी यादव, रेशम पटेल, अनुशासन प्रमुख मीनाक्षी श्रीवास्तव, प्रियंका गजभिए, सहायक याशिका भारद्वाज, यानी निर्मलकर, स्वच्छता प्रमुख खुशी मीणा, निशा भीवगड़े, सहायक साक्षी भारद्वाज, खुशबू दमाहे, इशिका चेलक, पूजन व्यवस्था शिखा रानी टंडन, कौशल्या वर्मा, इशिका मुनेश्वर, काजल वर्मा, सहायक खुशी वर्मा, कल्पना है।

# चुनावी धांधली की निष्पक्ष जांच हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा क्षेत्र में 1,00,250



वोटों की चोरी पर चिंता और आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने कहा फर्जी मतदाता, डुप्लिकेट वोट, फॉर्म-6 का दुरुपयोग और एक ही पते पर कई मतदाता होना लोकतंत्र की आत्मा को छलनी करने का संकेत हैं। उन्होंने कहा कि यह संविधान, नागरिक के अधिकार और लोकतंत्र की पवित्रता पर हमला है। यह सिर्फ चुनावी धांधली नहीं, बल्कि जनता के विश्वास की हत्या है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीयत साफ है तो उसे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को सजा दिलाना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### बहनों ने जवानों को बांधी राखी



**सड़क अतरिया।** ग्रामीण अंचल में कल सावन का अंतिम दिवस शनिवार को रक्षाबंधन का पर्व उल्लास से मनाया जायेगा। पर्व को लेकर शुक्रवार को बाजार में रौनक रही। बहने राखी दुकान में रंग बिरंगे राखी और मिष्ठान खरीदते नजर आए। इस मौके पर राष्ट्रीय सेविका संघ के बहनों द्वारा वनांचल के भोथली भुजाली पहुंच कर कौरवा बटालियन कैंप सुरक्षा कर्मियों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। बहनों ने जवानों के हाथों में रक्षा सूत्र बांधकर खुशहाली व सुरक्षा की कामना की।

### स्वयंसेवकों ने किया सफाई

**डोंगरगढ़।** कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर में प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर के निर्देशन एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी अरुण साहू के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय ग्राउंड में उगे खरपतवारों को हटाया एवं गार्डन की सफाई की। सभी स्वयंसेवकों ने परिसर को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में तिलक, हिरेंद्र, डेकेश्वर, रितेश, हेमप्रकाश, पुनीता, खेमलता सहित कुल 45 स्वयंसेवक शामिल हुए।



### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण

**गंडई पंडरिया।** स्वर्गीय श्री देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे के मार्गदर्शन और एनएसएस योजना समन्वयक प्रदीप अमीला के नेतृत्व में, एनएसएस स्वयंसेवकों और छात्रों ने महाविद्यालय परिसर के नवगठित गार्डन क्षेत्र और भवनों के बीच पौधे लगाए। इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और लगाए गए पौधों को अपनी जिम्मेदारी मानते हुए उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य अनीता पौषार्य, गावस्कर कौशिक, बीएल वर्मा, गौरव जैन, दीपांशु यादव, शुभम दुबे सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### स्कूल में 50 से अधिक शिक्षकों और छात्रों का सम्मान

**गंडई पंडरिया।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धोधा में 8 अगस्त को शिक्षक विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 50 से अधिक शिक्षकों, सेवानिवृत्त शिक्षकों और पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य हाल ही में सेवानिवृत्त हुए शिक्षक दुर्जन राम जंघेल को विदाई देना था। हालांकि शिक्षक दुर्जन राम जंघेल सेवानृवित्त होने के बाद आज भी उक्त स्कूल के छात्र-छात्राओं के भविष्य गढ़ने अपने निःशुल्क सेवाएं दे रहे। सेवानृवित्त होने के पश्चात उनके सम्मान में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व शिक्षकों, सेवानिवृत्त शिक्षकों और पूर्व छात्र-छात्राओं का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में शाला विकास एवं प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजू जंघेल और सरपंच दुजेराम वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि एक शिक्षक का प्रभाव कभी खत्म नहीं होता। समारोह में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, वर्तमान विद्यार्थियों, अभिभावकों और बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने भाग लिया। इस आयोजन के माध्यम से ग्रामीणों ने शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट किया।



### रानी राजलक्ष्मी तिवारी को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**खैरागढ़।** राजस्थान के जयपुर में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार व सामाजिक न्याय संगठन के दसवें वार्षिक अधिवेशन में देश भर के 27 राज्यों से आए संगठन के प्रतिनिधि, पदाधिकारी और सैकड़ों सामाजिक कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ नीरज सिंह अलवर की अध्यक्षता और मुख्य अतिथि गुरुजी सुशील गोस्वामी, मेजर जनरल अनुज माथुर, छग महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष रितु सिंह सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों व समाजसेवियों की उपस्थिति में आयोजित अधिवेशन संगीत नगरी की बेटी और राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला विंग नॉर्थ जोन रानी राजलक्ष्मी तिवारी को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों और नेतृत्व क्षमता के लिए विशेष राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया। इस उपलब्धि पर छग प्रदेश अध्यक्ष गणेशचंद दुबे, विकास शर्मा, रितेश गोयल, निशा अग्रवाल, आरती यादव, माही जंघेल, सीमा सिंह, जयश्री मारुतकर सहित संगठन के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। रानी राजलक्ष्मी तिवारी ने अपनी उपलब्धि को व्यक्तिगत नही अपितु समाज में बदलाव की मशाल जलाए खैरागढ़ और पूरे प्रदेश के हर उस व्यक्ति की उपलब्धि बताया है।



### अपर कलेक्टर ने लिया तैयारियों का जायजा

**राजनांदगांव।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का भव्य आयोजन शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने गुरुवार को शौर्य परेड मैदान में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अतिथिगण, शहीद परिवार, पत्रकारगण की बैठक व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई, बेरिकेटिंग, मंच, साज-सज्जा, दर्शक दीर्घा, पेयजल, विद्युत, पार्किंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली, पुरस्कार वितरण सहित अन्य आवश्यक तैयारी के संबंध में भी दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, डिप्टी कलेक्टर शिल्पा देवांगन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

---

## समय-सीमा की बैठक में समीक्षा कर कलेक्टर ने दिए निर्देश

# अटल पोर्टल में सटीक जानकारी दर्ज करना सभी विभागों की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की समीक्षा बैठक में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति और शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन स्थिति की गहन समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग अटल मॉनिटरिंग पोर्टल पर समय-सीमा में शुद्ध व अद्यतन जानकारी दर्ज करें जिससे जिले की रैंकिंग में सुधार हो और शासन की प्राथमिकताओं का प्रभावी मूल्यांकन किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या डेटा की अपूर्णता न केवल जिले की रैंकिंग को प्रभावित करेगी बल्कि संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी तय करेगी। उन्होंने विभागीय कार्यों की गुणवत्ता में सुधार लाने और योजनाओं का फील्ड स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने कमजोर प्रदर्शन कर रहे विभागों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि वे शीघ्र ही सुधारात्मक कार्य योजना तैयार करें और आवश्यक कदम उठाएं। हर अधिकारी अपने अपने विभाग की जिम्मेदारी को गंभीरता से लें और निर्धारित समयसीमा में कार्यों को पूर्ण करें।



### तिरंगा अभियान की तैयारियों पर चर्चा

बैठक में आगामी स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई। कलेक्टर ने कहा कि इस जनभागीदारी आधारित अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना है, जिससे देशभक्ति की भावना और राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान और भी सुदृढ़ हो। उन्होंने बताया कि यह अभियान तीन चरणों में संचालित किया जाएगा, जिसमें प्रचार-प्रसार, झंडा वितरण और तिरंगा फहराने की प्रक्रिया शामिल है। उन्होंने सभी विभागों को सहयोग के साथ इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने कहा।

### लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें

बैठक में समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने स्तर पर लंबित प्रकरणों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्यों की गति और गुणवत्ता ही जिले की प्रगति का आधार बनेगी। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम छुईखदान-गंडई अविनाश ठाकुर सहित सभी जिला स्तरीय विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

---

### बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर कट्टहा नवागांव में मेगा बैठक



**खैरागढ़।** ब्लाक के शासकीय प्राथमिक शाला कट्टहा नावागांव में सत्र का पहले पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। मां सरस्वती की पूजा वंदना व पालकों के स्वागत के साथ बैइक का शुभारंभ हुआ। पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित कर, बच्चों की शैक्षिक प्रगति से अवगत कराने और बच्चों में भविष्य की संभावनाओं का आकलन कर पालकों के साथ समंवय बनाकर संयुक्त रूप से परिणाम उन्मुख प्रयास करने आयोजित बैठक मे प्रधान पाठक रामलाल साहू ने पालकों को संबोधित करते हुए विद्यालय में संचालित मुस्कान पुस्तकालय, न्यूज कॉर्नर, शिक्षण शास्त्र जादुई पिटारा, प्रिंट रिच माहौल, नशा मुक्ति, स्वास्थ्य परीक्षण, नवोदय की तैयारी, छात्रवृत्ति, निशुल्क गणवेश, पाठ्य-पुस्तक, योग, व्यायाम, वृक्षारोपण, साबुन बैंक, राष्ट्रीय पर्वों का आयोजन सहित अन्य रचनात्मक कार्यो पर प्रकाश डालते हुए आगे की रणनीति पर विस्तार से जानकारी दी गई। शाला स्टाफ का पालकों के मध्य बेहतर समन्वय, बच्चों में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने, शाला विकास को लेकर सुझाव प्राप्त करने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति अनुरूप ड्रॉप आउट रोकने आयोजित मेगा बैठक में संकुल समंवयक निखिल सिंह, राधेलाल बर्मन, पूजा बंजारे, उर्मिला यादव, सेवाबाई वर्मा, शांति बाई जोशी, ललेश्वरी जोशी, गौतम बाई जोशी, नीलम कुमार वर्मा सहित बडी संख्या मे पालक उपस्थिति रहे।

---

# भोजराज और कुमकुम बने शालानायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पीएम श्री डा पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी स्कूल में हिंदी माध्यम में भोजराज वर्मा और अंग्रेजी माध्यम में योमन वर्मा को शालानायक चुना गया।

प्रभारी प्राचार्य रोशन लाल वर्मा के निर्देशन और छात्रसंघ प्रभारी अनुराग सिंह के मार्गदर्शन में छात्रसंघ का गठन किया गया जिसमें हिन्दी माध्यम हायर सेकंडरी विभाग से भोजराज वर्मा को शाला नायक व कुमारी कुमकुम वर्मा को शाला नायिका चुना गया, उसी प्रकार इंग्लिश माध्यम से हेड ब्वॉय के रूप में योमन वर्मा, हेड गर्ल मौली श्रीवास्तव को चुना गया। पूर्व माध्यमिक विभाग से शालानायक लोकेश बंजारे व उप शाला नायक आदित्य लहरे को बनाया गया। छात्रसंघ प्रभारी अनुराग सिंह ने कहा कि छात्र संघ का गठन छात्र-छात्राओं के लिए राजनीति की प्रथम पाठशाला होती है इसमें उन्हें राजनीति ज्ञान के साथ मतदाता जागरूकता, मतदान करने का अधिकार के अलावा लोकसभा, विधानसभा सहित अन्य चुनावी ज्ञान प्राप्त होता है। व्याख्याता किरण सिंह, सुनील गुनी, आशीष मिश्रा, संजय श्रीवास्तव, पुकेश्वर निषाद, शैलनी सिंह, आरती साहनी सहित स्टाफ ने छात्रसंघ पदाधिकारियो को बधाई दी है।



# राखी की तैयारी में जुटी बहनों ने बाजार में की जमकर खरीदारी

- बाजारों में दिखी रौनक, एक दिन पहले पहुंची बहने मायके
- राखियों की वैरायटी ने खींचा ध्यान, मिठाई की दुकानों पर भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

रक्षाबंधन त्योहार को लेकर बाजारों में राखियों की धूम मच गई है। बहनें अपने भाईयों के लिए तरह-तरह की राखियों की खरीदारी में जुटी हुई हैं। इस बार बाजार में पारंपरिक राखियों के साथ-साथ डिजाइनर, कस्टमाइज्ड और इको-फ्रेंडली राखियों की भी भरमार है, जिससे ग्राहकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

इस समय मिष्ठान और हॉटल से नमकीन और नाश्ता गायब है। इस संबंध में हॉटल व्यवसाई सुमेर सिंह और भीख सिंह ने बताया कि इस समय राखी के त्योहार में सिर्फ मीठे का पकवान मिठाइयों की मांग ज्यादा है जिसे देखते हुए हम लोगों ने हॉटल में दो दिनों के लिए नाश्ता का समान बंद कर दिया है।

### मिठाई दुकानों में भीड़

ज्ञात हो कि राखियों के साथ मिठाइयों और उपहारों की दुकानों पर भी भीड़ बढ़ गई है। सुरक्षा कारणों और त्योहार के मद्देनजर कई होटल व मिठाई दुकानों ने फिलहाल नाश्ता देना बंद कर दिए है, ताकि मिठाइयों की गुणवत्ता और डिलीवरी पर पूरा ध्यान दिया जा सके। दुकानदारों का कहना है कि इस बार बिक्री में पिछले वर्षों की तुलना में बढ़ोत्तरी की उम्मीद है। जिसे लेकर हम लोगों ने बड़ी तैयारी कर रखी है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस पर्व को लेकर बड़ी तैयारी देखी गई जिसमें बहनें एक दिन पहले ही मायके आ गई है और राखी की तैयारी में जुट गई है। राखी खरीदते समय उनके खुशी को देखा जा सकता है।

---

# हर घर तिरंगा अभियान ठेलकाडीह में शुरूआत

**खैरागढ़।** हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा और मेरा तिरंगा मेरा अभिमान अभियान तहत ठेलकाडीह मंडल भाजपा ने पूरे गांव में घर दुकान में तिरंगा लगाया। मंडल अध्यक्ष भोज बंजारे ने बताया कि राष्ट्रप्रेम, संगठनात्मक जागरूकता और ऐतिहासिक स्मृतियों को साझा करने के उद्देश्य से प्रदेश और जिला भाजपा के निर्देश पर ठेलकाडीह मंडल अंतर्गत आने वाले सभी गॉवों में कार्यशाला आयोजित कर घर दुकानों में तिरंगा लगाया जाएगा। वही 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस के रूप मे मनाया जाएगा।

अभियान की शुरूआत दाऊचौरा वार्ड पार्षद विनय देवांगन की उपस्थिति की गई। इस दौरान मंडल महामंत्री श्याम सुंदर साहू, भुवन वर्मा, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, किसान मोर्चा अध्यक्ष कालू राम साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष एवन विश्वकर्मा, संतोष जैन, मंशाराम बंधे, उदेलाल वर्मा, नारायण साहू, ओमप्रकाश साहू, निर्मल यादव, अभियान संयोजक योगेंद पाल, सह संयोजक देवानंद वर्मा, मुकेश साहू, विश्राम वर्मा सहित बड़ी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जवानों को महिला मोर्चा ने बांधा रक्षा सूत्र

रक्षाबंधन के पूर्व थाना ठेलकाडीह में भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पार्वती साहू, जनपद सदस्य मंजू चतुर्वेदी के नेतृत्व में थाना प्रभारी भीमसेन यादव सहित पुलिस जवानों को महिला मोर्चा ने रक्षासूत्र राखी बांधा। इस दौरान खिलेश्वरी सिन्हा, सरपंच शकुन यादव, महरूमकला सरपंच उत्तरा वर्मा, तरुण बंजारे, ममता गजेन्द्र, किरण वर्मा, शारदा बंजारे, तनुजा खरे, संगीता देवांगन, आशा यदु सहित पूर्व जनपद अध्यक्ष टीलेश्वर साहू, ठेलकाडीह भाजपा मंडल अध्यक्ष भोज बंजारे सहित अन्य उपस्थित थे।

### शहर पहुंचा अखंड ज्योति रथ

**डोंगरगढ़।** हरिद्वार से आई गायत्री अखंड ज्योति का नीचे मां बम्लेश्वरी मंदिर में स्वागत कर पूजा अर्चना किया गया। अखंड ज्योति रथयात्रा ने तत्पश्चात नगर भ्रमण किया। इस अवसर पर श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, संजय श्रीवास्तव, बबलू शांडिल्य, रंजीत पोद्दार, राजकुमार ग्रेवाल, रवि तिवारी, विश्वनाथ यादव, सतीश यादव, मनोज यादव, अजय यादव आदि उपस्थित थे।

---

# स्वच्छता के संग थीम पर केंद्रित होगा तिरंगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- अभियान के तहत सभी जगहों पर फहराया जाएगा तिरंगा

जिले में स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम 15 अगस्त तक तीन चरणों में होगा। कार्यक्रम अंतर्गत जिले के सभी नागरिकों को अपने अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा ताकि आमजनों में देशभक्ति और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना में वृद्धि हो सके।

गौरतलब है कि हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर आधारित कार्यक्रम दौरान समस्त शासकीय भवनों व संस्थानों, आवासीय भवनों में तिरंगा फहराया जाएगा। भवनों को रोशनी से सजाया जाएगा, रंगोली बनाई जाएगी और सेल्फी जोन तैयार किया जाएगा। अभियान नागरिक एकता और सामूहिक उत्सव की भावना पर आधारित है, जिसमें स्वतंत्रता के साथ-साथ स्वच्छता और जल संरक्षण के संकल्प को भी समाहित किया गया है।

### तीन चरणों में पूरा होगा अभियान

प्रथम चरण में विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों को तिरंगा आर्ट से सजाया जाएगा इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता, तिरंगे के स्थानीय इतिहास पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगा राखी निर्माण को लेकर कार्यशाला आयोजित की जाएंगी। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर तीन रंगों के धागों से तिरंगे की बुनाई का प्रदर्शन भी होगा। विद्यालयों में तिरंगे के मूल्यों और उसकी भावना से प्रेरित पत्र लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी। दूसरे चरण के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर जनसहभागिता से तिरंगा मेला और तिरंगा कंसर्ट का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभाशाली व्यक्तियों और खिलाड़ियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। तिरंगा कंसर्ट में देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएंगा। इसके अतिरिक्त तिरंगा रैली, बाइक और साइकिल रैली का आयोजन भी किया जाएगा। इसी तरह 13 से 15 अगस्त तक तीसरे चरण में शासकीय भवनों, शैक्षणिक संस्थानों, होटलों, कार्यालयों, बांधों व पुलों पर तिरंगा फहराया जाएगा तथा रोशनी की जाएगी। इस अवधि में स्वच्छता और जल संरक्षण से संबंधित विविध गतिविधियां भी संपन्न होगी।

---

## कृषि महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

# व्यास पूजा पर्व पर भावपूर्ण वातावरण में गुरू वंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र में 6 अगस्त को व्यास पूजा पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ राजकीय गीत अरपा पैरी के माध्यम से किया गया। इसके उपरांत महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. अविनाश कुमार गुप्ता ने स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर माल्यार्पण करते हुए धूप, दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे, पं. शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, राजनांदगांव के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आरएन गांगुली को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. आरएन गांगुली ने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को बताया कि गुरू के रूप में कोई भी हो सकता है, जिससे शिष्य ज्ञान प्राप्त कर सके। मनुष्य की प्रथम गुरू उसकी माता होती है, जो जन्म के साथ ही बच्चों के सुखों का ध्यान रखती है। सभी बच्चों को अपने माता-पिता का आदर करना चाहिए। डॉ. अविनाश कुमार गुप्ता, अधिष्ठाता, रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र ने कहा कि व्यास पूजा कार्यक्रम गुरू शिष्य परंपरा की महान विरासत का उत्सव है। उन्होने यह भी बताया कि व्यास जी ने वेदों का वर्गीकरण कर मनुष्य के सरल अध्ययन स्वरूप बनाया, जिससे मनुष्य वेदों के बारे में और सहजता से समझ सके। इस कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. बीएस असाटी, सहायक प्राध्यापक डॉ. ओपी सोनवानी, श्रीमती तामिन, डॉ. कन्हैया लाल, डॉ. उमेश चन्द्र देशमुख, डॉ. प्रेरणा जायसवाल, सुश्री प्रियंका साहू, लैब तकनीशियन, डॉ. रायसेन पाल, लिपिक कोमल प्रसाद गांवरे, सुनील कुमार मधुकर, जलेश्वरी कंवर तथा कृषि महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं सहित स्वयं सेवक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### सच्चा गुरू सही मार्ग दिखाता है

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविन्द कुमार नन्दनवार, सहायक प्राध्यापक के द्वारा गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः, गुरुः साक्षात परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः श्लोक का उच्चारण करते हुए गुरू को परम ब्रम्ह बताते हुए कहा कि गुरू ही हमे अज्ञानता के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते है साथ ही उन्होंने कहा कि एक सच्चा गुरू ही अपने शिष्य को सही मार्ग दिखाकर आगे बढ़ने में सहायता करता है। डॉ. दीपिका देवदास, सहायक प्राध्यापक ने कहा कि अगर गुरू आपके साथ है तो आप कठिन से कठिन रास्ते को आसानी से पार कर जाते है। महाविद्यालय के प्रथम वर्ष के छात्र साहिल एवं मिनाल बंजारे एवं छात्रा केश्वरी वर्मा द्वारा भी कार्यक्रम में गुरू शिष्य परंपरा पर श्लोक व पंक्तियां प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सेवक अमृत ढेंगे, सहायक प्राध्यापक ने व्यास पूजा के अवसर पर पौराणिक कथाओं के बारे में बताया।

---

### तीर्थयात्रियों का दल अयोध्या रवाना

**खैरागढ़।** श्रीराम लला दर्शन योजना अंतर्गत जिले के 30 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। प्रदेशवासियों को भगवान श्रीराम के जन्मस्थान अयोध्या दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से योजना शुरू की गई है। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल के मार्गदर्शन में चयनित श्रद्धालुओं को जनपद पंचायत परिसर में आयोजित कार्यक्रम में इस अवसर पर जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जनपद अध्यक्ष राजेश्री शैलेन्द्र त्रिपाठी और नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर ने तीर्थ यात्रियों का पुष्प-मालाओं, तिलक, गुलदस्ते से स्वागत किया और यात्रा की शुभकामना देते हुए योजना की जानकारी दी। सभी जनप्रतिनिधियों ने बस को हरी झंडी दिखाकर विदा किया गया। श्रद्धालु विशेष ट्रेन के माध्यम से अयोध्या धाम पहुंचेंगे, जहां श्रीराम लला के दर्शन बाद वापसी होंगी। इस दौरान पूर्व जिपं सभापति घम्मन साहू, डॉ बिशेसर दास साहू, जनपद सदस्य शैलेन्द्र मिश्रा, पार्षद अजय जैन, विनय देवांगन सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारियो सहित जनपद सीईओ नारायण बंजारा, छुईखदान के प्रभारी सीईओ प्रकाश तारम उपस्थित थे।



## सार समाचार

### तृतीय सोपान व निपुण जांच शिविर आयोजित



**राजनांदगांव।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा डोंगरगांव विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमड़ीबोड में जिला स्तरीय तृतीय सोपान व निपुण जांच शिविर तथा राज्य पुरस्कार पूर्वाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य उपाध्यक्ष राजेन्द्र गोलछा एवं अध्यक्षता जिला मुख्य आयुक्त महेश खंडेलवाल द्वारा की गई।

शिविर के समापन अवसर पर स्काउट गाइड रोवर रेंजर द्वारा देश भक्ति एवं छत्तीसगढ़ी संस्कृति से पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई तथा कैम्प फायर संध्या का आयोजन किया गया। अतिथियों ने शिविर में शामिल स्काउट गाइड रोवर रेंजर को अनुशासन का पालन करने कहा। उन्होंने राज्य एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करने प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विष्णु प्रसाद साव एवं राकेश भावते सहित जिले के पदाधिकारी एवं आजीवन सदस्य संतोष खंडेलवाल, उत्तम गिडिया, अरविंद सहारे, घनश्याम दास साहू, विजय टेम्भूरकर, प्रदीप सहारे, शिविर संचालक लेखराम वर्मा, जिला संगठन आयुक्त स्काउट मंच मयूख श्रीवास्तव, जिला सचिव देवेंद्र अम्बादे, शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुरेश जैन, पंचायत सचिव वायआर साह उपस्थित थे।

### जिले के 5 दर्जन कांवडियों ने किया जलाभिषेक

**राजनांदगांव।** सावन माह में छुरिया क्षेत्र के लगभग 5 दर्जन कांवड़ियों की टोली बाबा बैजनाथ धाम के दर्शन के लिए गए हैं। छुरिया निवासी कुमार साहू ने बताया कि इस वर्ष एक दल बनाकर लगभग 60 कावड़ियों की टोली छुरिया क्षेत्र से बाबा बैजनाथ धाम के दर्शन के लिए गए हुए हैं।



जिसमें दीपक सिन्हा, कुमार साहू, खुमान सिन्हा, ललित साहू, कीर्तन साहू, अजय साहू, कोमल मंडावी, बालेश्वर साहू, नकुल नेताम, ताम्रध्वज पटेल, गुलशन कुवर, कुंडल बडोले, शुभम राजपूत, अशोक साहू, रवि सिन्हा, चेतन आदि शिव भक्तगण सुल्तानगंज से गंगाजल उठाकर बाबा बैजनाथ धाम रवैनेश्वर महादेव और पार्वती माता (सती माता) और बासुकीनाथ बाबा के दर्शन कर जल अर्पित किए और क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की है।

### पेंशनर्स एसोसिएशन डोंगरगांव की बैठक 15 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा डोंगरगांव की मासिक बैठक माह के दूसरे गुरुवार 14 अगस्त को होने वाला बैठक को स्थगित किया गया है। 79वें स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को हर्षोल्लाह पूर्वक पेंशनर्स एसोसिएशन भवन डोंगरगांव के प्रांगण में मनाया जाएगा। इसी दिन बैठक से संबंधित क्रियाकलाप को पूरा किया जाएगा । उक्त जानकारी डोंगरगांव पेंशनर्स सचिव तोरनलाल साहू ने दी।

### 10 को सभी मंडलों में बैठक

**राजनांदगांव।** भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने तिरंगा यात्रा की तैयारी के संबंध में बताया कि 4 से 14 अगस्त तक तिरंगा यात्रा मंडल स्तर पर निकाली जाएगी। इसके लिए संयोजकों की घोषणा हो गई है। 10 अगस्त को सभी मंडलों में बैठक आहूत की गई है। जिसके लिए प्रभारियों की नियुक्ति भी की गई है। जिसके अनुसार राजनांदगांव उत्तर दक्षिण एवं ग्रामीण के पूर्व पश्चिम के लिए जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत बैठक लेंगे। डोंगरगढ़ शहर दिनेश गांधी, डोंगरगढ़ ग्रामीण किरण वैष्णव, घुमका अतुल रायजादा, तिलई मंडल के कैलाश शर्मा, मुसरा-मुरमुंदा रविंद्र वैष्णव, तुमडीबोड राजेंद्र गोलछा, अर्जुनी मंडल के संयोजक शीला सिन्हा, कुमरदा चंद्रिका डड़सेना, गैंदाटोला से जागृति यदु, छुरिया के लिए विनोद खांडेकर, लाल बहादुर नगर के लिए सौरभ कोठारी तथा डोंगरगांव के लिए मूलचंद लोधी को बैठक एवं आयोजन की तैयारी की महत्वपूर्ण जवाबदारी दी गई है।

### बीएमओ डॉ. श्रीवास्तव का स्वागत

**राजनांदगांव।** स्वास्थ्य एवं बहुउद्देशीय कर्मचारी संगठन डोंगरगढ़ द्वारा नए बीएमओ डॉ. सुचिता श्रीवास्तव का स्वागत सम्मान किया गया। संगठन के पदाधिकारी से अवगत कराया गया एवं बीएमओ से सरल वार्तालाप हुआ। जिसमें फील्ड और कर्मचारियों की बातें हुई। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।उक्त जानकारी संगठन के अध्यक्ष राकेश सिन्हा ने दी।



### निधन



**उत्तम कोसरिया**

**राजनांदगांव।** वार्ड क्रमांक 39, बूथ क्रमांक 119 के बूथ अध्यक्ष उत्तम कोसारिया पिता लतखोर कोसारिया का आज सुबह आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा दोपहर 12 बजे उनके निवास स्थान ढीमरपारा से निकलकर मुक्तिधाम में दाह संस्कार के लिए रवाना हुई।


### महिला समूह ने आयोजित किया रक्षा सूत्र कार्यक्रम

# देश की रक्षा करने वाले पूर्व सैनिकों को बहनों ने तिलक लगाकर बांधा रक्षा सूत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देश की रक्षा करने वाले भूतपूर्व सैनिकों को बहनों ने रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन पर्व की शुरूआत की। भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन कार्यालय में रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में महिला समूह द्वारा रक्षा सूत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में शामिल होकर महिलाओं ने पूर्व सैनिकों की आरती उतारी और उन्हें तिलक लगाकर राखी बांधी। कार्यक्रम के अवसर पर 1971 की जंग में शामिल रहे वीर सैनिक से लेकर कारगिल युद्ध में दुश्मन देश को धूल चटाने वाले पूर्व सैनिकों सहित उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों को राखी बांधी गई।

पूर्व सैनिकों को रक्षा सूत्र बांधने पहुंची मोना गोसाई, पूर्णिमा साहू और अन्य महिलाओं ने कहा कि देश की सरहद पर सुरक्षा करने वाले भाइयों को हम राखियां भेजते हैं, लेकिन उन्हें राखी बांधने का सौभाग्य नहीं मिल पाता है। इस वजह से जिन्होंने पूर्व में हमारे देश की रक्षा की, ऐसे सैनिकों को आज राखी बांधने का अवसर मिला है। जिससे गर्व की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन के इस पावन पर्व की शुरूआत पूर्व सैनिकों को राखी बांधकर की जा रही है। बहनों ने कहा कि इन सैनिकों की वजह से ही हम स्वतंत्र वातावरण में जी रहे हैं और सभी त्यौहार को हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं।



#### भेजी गई 15 हजार राखी

बड़ी संख्या में पहुंची बहनों को देखकर भूतपूर्व सैनिक भी अभिभूत हो गए। सैनिक कल्याण संगठन के अध्यक्ष पूर्व सूबेदार मेजर राजेश शर्मा ने बताया कि लगभग 3 वर्ष से संगठन द्वारा प्रदेशभर से बहनों द्वारा प्रेषित की गई राखियों को सरहद पर पहुंचने का कार्य किया जा रहा है। संगठन के प्रतिनिधि खुद राखी लेकर पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि सर्विस के दौरान रक्षाबंधन के दिन का दर्द हम समझते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष लगभग 15 हजार रखी जवानों के लिए भेजी गई है।

#### एक पेड़ शहीदों के नाम

कार्यक्रम अवसर पर भूतपूर्व सैनिक भाइयों को बहनों ने राखी बांधी और एक पेड़ उन शहीदों के नाम भी लगाए, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक और महिला समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

#### अभिलाषा के बच्चों को स्काउट गाइड की बहनों ने बांधी राखी



शहर में संचालित अभिलाषा स्कूल के विशेष बच्चों के बीच स्काउट गाइड द्वारा रक्षाबंधन पर्व का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से स्काउट गाइड की बहनों ने अभिलाषा के विशेष बच्चों को राखी बांधी और उनका मुंह मीठा कराया। वहीं बच्चों ने भी अपनी बहनों को स्नेह से शगुन दिया। अभिलाषा स्कूल में आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम के दौरान बच्चों में काफी उत्साह नजर आया। बच्चे राखी बंधाने आतुर दिखे। इस दौरान एक संक्षिप्त कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। वहीं स्काउट गाइड की बहनों ने आरती की थाली सजाई और भाइयों की कलाई पर अपने प्रेम, स्नेह का प्रतीक रक्षा सूत्र बांधा। रक्षाबंधन के आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में स्काउट गाइड की बहनें शामिल हुई।

#### सरहद पर भेजी गई तीस हजार राखी

भारत स्काउट गाइड के जिला मुख्य आयुक्त महेश खंडेलवाल ने बताया कि भारत स्काउट गाइड द्वारा रक्षाबंधन का पर्व अभिलाषा के विशेष बच्चों के साथ मनाया जाता है। वहीं सरहद पर देश की रक्षा कर रहे वीर भाइयों के लिए भी स्काउट गाइड के माध्यम से राखी भेजी जाती है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 30 हजार राखी प्रदेशभर से स्काउट गाइड के माध्यम से भेजी गई है।

#### बच्चे हुए उत्साहित

अभिलाषा दिव्यांग स्कूल के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव ने बताया कि स्कूल के 64 बालक को स्काउट गाइड की बहनों ने राखी बांधी। जिससे बच्चों में काफी उत्साह नजर आया। इसके लिए उन्होंने स्काउट गाइड का आभार जताया है। वहीं स्काउट गाइड के जिला कोषाध्यक्ष आलोक बिंदल ने कहा कि स्काउट गाइड के बच्चों और अभिलाषा स्कूल के बच्चों के बीच इस नई पहल की शुरूआत 2 वर्षों से हुई है। इस आयोजन से एक भाई को बहन मिलती और बहन को भाई मिलता है।

### शराब पीकर परेशान करने वाले पर कार्रवाई



**राजनांदगांव।** शराब पीकर गांव वालों को परेशान करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 8 अगस्त को निरीक्षक ढाल सिंह साहू चौकी प्रभारी मोहारा के नेतृत्व पर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम अन्या नवागांव में शराब पीकर गांव वालों को परेशान करने वाले कृष्ण वर्मा 43 साल निवासी ग्राम अन्या नवागांव पुलिस चौकी मोहारा थाना डोंगरगढ़ को गिरफ्तार कर अनावेदक के विरूद्ध धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएसएस के तहत कार्रवाई की गई।

अनावेदक को माननीय एसडीएम न्यायालय डोंगरगढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय से अनावेदक का जेल वारंट प्राप्त होने उपरांत उप जेल डोंगरगढ़ दाखिल किया गया।

### विवि में प्रवेश 31 तक

**डोंगरगढ़।** पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर के अध्ययन केन्द्र नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में सत्र 2025-26 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ है। प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन 31 अगस्त तक किया जा सकता है।

## किसान के गोदाम में मिली यूरिया और फास्फेट की 184 बोरिया, जब्त

- 146 बोरी यूरिया, 38 बोरी सिंगल सुपर फास्फेट बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खाद की समस्या के बीच जिले में कई निजी दुकान एवं किसानों द्वारा अवैध तरीके से इसका भंडारण कर रखा गया है। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कृषि विभाग ने टीम गठित कर कार्रवाई का दौर शुरू कर दिया है। शुक्रवार को भी जिले के मोहड़ ग्राम में एक किसान के गोदाम से 146 बोरी यूरिया, 38 बोरी सिंगल सुपर फास्फेट बरामद कर जब्ती की कार्रवाई की गई है।

प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले में खाद की अधिक दर बिक्री की शिकायतों के दृष्टिगत कृषि विभाग के अधिकारियों को जिले में संचालित निजी खाद-बीज विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण करने के साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को खाद-बीज की कालाबाजारी की आशंका को ध्यान में रखते निजी खाद-बीज विक्रय केन्द्रों की निगरानी करने कहा है। कलेक्टर के निर्देशानुसार उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर एवं उनकी टीम द्वारा लगातार निरीक्षण कर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज कृषि विभाग की टीम द्वारा ग्राम मोहड़ में कृषक सुरेंद्र चंद्राकर के किराये के गोदाम में निरीक्षण किया गया, जहां मौके पर 146 बोरी यूरिया, 38 बोरी सिंगल सुपर फास्फेट एवं 28:28:00 बोरी बरामद किया गया। इस दौरान गोदाम को सील करने की कार्रवाई की गई। इस दौरान सहायक संचालक कृषि डॉ. वीरेंद्र कुमार अनंत, उर्वरक निरीक्षक रामशिला गौरकर, शाखा प्रभारी मिथिलेश साहू उपस्थित थे।



### डोंगरगढ़ में निकाली गई तिरंगा रैली



**राजनांदगांव।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम के तहत जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में स्वच्छता शपथ ली गई। इसके साथ ही स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान में नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर में फहराने प्रेरित करने तथा आमजनों में देशभक्ति की भावना विकसित करने तिरंगा बाइक रैली निकालकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डॉ. भार्गव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के अधिकारी तथा कर्मचारी एवं ग्राम पंचायत सचिव सहित ग्रामीणजन शामिल हुए।

## 4750 हितग्राहियों का सत्यापन

- शेष हितग्राहियों का सत्यापन कार्य निगम सभागृह में जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का प्रतिवर्ष वार्षिक सत्यापन कराया जाता है। उक्त कार्य मैन्युअली होता रहा है, किन्तु भारत सरकार के निर्देशानुसार अब आधार आधारित मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से सत्यापन होना है। सत्यापन कार्य नगर निगम के सभागृह में प्रतिदिन किया जा रहा है। हितग्राहियों की सुविधा के लिए शनिवार एवं रविवार अवकाश के दिन भी दोपहर 2 बजे तक सत्यापन हो रहा है।

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि भारत सरकार ग्रामीण विकास विभाग द्वारा केन्द्रीय पेंशन योजनाओं-इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगजन पेंशन योजना के हितग्राहियो का वार्षिक सत्यापन हेतु इस वर्ष शासन द्वारा मोबाइल एप बेनीफिसरी सत्यापन एप तैयार कराया गया है। उक्त एप एनराईड मोबाइल से किया जा रहा है। सत्यापन के लिए नगर निगम सभागृह में शिविर लगाया गया है, जहां प्रतिदिन हितग्राही अपना सत्यापन करा रहे हैं। आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित विभिन्न पेंशन योजना में निगम सीमांतर्गत 10 हजार 889 पेंशन हितग्राही हैं। जिनमें से आज दिनांक तक 4 हजार 750 हितग्राहियों ने सत्यापन कराया है, शेष 6 हजार 139 हितग्राहियों का सत्यापन किया जाना है। पेंशन हितग्राहियों की सुविधा के लिए अवकाश के दिन शनिवार एवं रविवार को भी सत्यापन किया जा रहा है। उन्होंने पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों से अपील की है कि अपना आधार एवं मोबाइल लेकर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर सत्यापन कराएं। जिससे पेंशन योजना का लाभ मिलता रहे।

## सोसायटी से खाद की अफरा-तफरी मामले में आमाटोला समिति प्रबंधक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

एक तरफ किसानों के सामने खाद का संकट है। वहीं दूसरी ओर समिति प्रबंध ही खाद की अफरा-तफरी में लगे हुए हैं। ऐसा ही एक मामला जिले के अंबागढ़ चौकी विकासखंड अंतर्गत ग्राम आमाटोला सोसायटी में सामने आया है।

जहां समिति प्रबंधक द्वारा खाद की अफरा-तफरी की जा रही थी। बीते बुधवार को समिति प्रबंधक गंगाराम साहू द्वारा सोसायटी से खाद निकालकर एक पिकअप वाहन में लोड कर ले जाया जा रहा था। किसानों को इसकी सूचना मिलने पर उक्त वाहन को रोका गया तो, इसमें 19 बोरियों में यूरिया, डीएपी और सुपर फास्फेट खाद लोड था। खाद का संकट होने के बाद भी किसानों को खाद नहीं मिलने और समिति के खाद की कालाबाजारी करने को लेकर किसानों ने समिति प्रबंधक पर आरोप लगाया है। सोसायटी से निकालकर खाद कहां ले जाया जा रहा है । इस संबंध में समिति प्रबंधक कुछ भी बता नहीं पाया। इसके बाद क्षेत्र के किसानों ने मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से कर दी।

#### प्रशासन ने की कार्रवाई

ग्रामीणों द्वारा समिति प्रबंधक को खाद की अफरा-तफरी करते हुए पकड़े जाने के बाद प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और समिति प्रबंधक गंगाराम साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है ।

#### कालाबाजारी की संभावना

समिति प्रबंधक द्वारा समिति से निकालकर खाद कहां ले जाया जा रहा था, यह जांच का विषय है, लेकिन समितियों में खाद की कमी बनी हुई है और दुकानों में पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण है । इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बड़े पैमाने पर खाद की कालाबाजारी हो रही है ।




### ऑपरेशन मुस्कान ने कई चेहरों पर लौटाई मुस्कान

# जब मिले गुम हुए बच्चे, तब थमे आंसू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जब कोई अपना खो जाए तो उसकी वेदना परिवार को अंदर तक झकझोर देती है। कहीं गुम हो जाने वाले बच्चे या व्यक्ति वर्षों तक भटकते रहते हैं। जिसकी टीस उनके परिवारजनों को विचलित कर देती है और वे हर किसी से अपने बच्चे के बारे में सुधि लेने की कोशिश करते हैं। जेहन में यह खयाल कि हमारा बच्चा किस हाल में होगा।

पुलिस प्रशासन ने ऐसे ही प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करते एक मिसाल प्रस्तुत की है और ऑपरेशन मुस्कान तथा ऑपरेशन तलाश एक जरिया बनी है। ऐसे परिवारजनों से उनके बिछड़े और गुम हो गए बच्चे एवं प्रियजनों को मिलाने पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान एवं ऑपरेशन तलाश के माध्यम से बेहतरीन कार्य किया गया है और उनके परिजनों के चेहरों पर मुस्कान लाने शिद्दत से कोशिश की गई है। जिसका सुखद परिणाम यह है कि अब तक 23 बालक एवं बालिकाएं तथा ऑपरेशन तलाश अंतर्गत 112 महिला एवं पुरूष अपने घर-परिवार के पास वापस लौट गए हैं और उनके चेहरे पर यह मुस्कान सुकून देने वाली है।

#### मिशन मोड़ में काम

पुलिस विभाग में आपसी समन्वय, लगातार तफ्तीश के माध्यम से मिशन मोड में कार्य किया गया है। जिससे यह मुश्किल कार्य संभव बना। इस कार्य के लिए राजनांदगांव पुलिस द्वारा छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों में पहुंचकर गुमशुदा बच्चों एवं व्यक्तियों को बरामद किया गया है। ऑपरेशन मुस्कान द्वारा बच्चों को अपनों से मिलाकर सुरक्षा का असली वचन निभाते पुलिस विभाग द्वारा अपना दायित्व निभाया गया। गुमशुदा बच्चों एवं व्यक्तियों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। जिससे उनके परिवार में खुशी का महौल है।

#### परिजनों ने जताया आभार

उनके परिजनों द्वारा राजनांदगांव पुलिस को धन्यवाद व्यक्त करते कृतज्ञता ज्ञापित किया गया है। राजनांदगांव जिले में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, एसडीओपी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया के पर्यवेक्षण पर जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में गुम इंसान के मामलों में निरंतर कार्य किया गया।






### सुबह डेढ़ घंटे का राहूकाल, मिठाई दुकानों में रहेगी सुबह से भीड़

# रक्षाबंधन में भद्रा का साया नहीं, बाजार में जमकर दिखी ग्राहकी, 1 करोड़ का व्यापार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

**सावन महीने की पूर्णिमा तिथि पर मनाए जाने वाला रक्षाबंधन का त्यौहार आज है। अपने भाईयों की लंबी उम्र की कामना लिए बहनें आज रक्षासूत्र बांधेगी। भद्रा का साया नहीं होने से दिनभर राखियां बांधी जा सकेगी। हालांकि सुबह 9 बजकर 10 मिनट से पौने 11 बजे तक राहूकाल है। इस अवधि में राखी ना बांधने की सलाह पंडितों ने दी है। इधर राखी को लेकर सजे बाजार में शुक्रवार तक जमकर ग्राहकी देखने को मिली। एक अनुमान के अनुसार जिले में एक करोड़ से अधिक का व्यापार राखी बिक्री करने वाले व्यापारियों ने की।**

भाई-बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन को लेकर हर्षोल्लास का माहौल है। इस मौके पर भाई के माथे में तिलक लगाकर बहनें रेशम की डोर बांधकर उज्जवल भविष्य की कामना करेंगी। पर्व को लेकर घर-घर में व्यापक तैयारियां की गई है। बाजार में भी सुबह से लेकर देर शाम तक खरीदी के लिए लोगों की उपस्थिति रही।

सावन महीने के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को कल शनिवार को भाई-बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन पारंपरिक रूप से मनाया जाएगा, जिसे लेकर हर्षोल्लास का माहौल है। घर-घर में पर्व को मनाने की तैयारियां की गई है। इस अवसर पर बहनें भाईयों की माथे में तिलक लगाकर व आरती उतारकर कलाई में रक्षा सूत्र बांधेंगी व उज्जवल भविष्य की कामना करेंगी। भाई बहनों को पर्व पर उपहार देंगे।

**भादो का होगा आगाज :** इधर रक्षाबंधन पर्व सावन पूर्णिमा के बाद भादो माह का आगाज हो जाएगा। भादो माह में भी लगातार त्यौहार व व्रत की श्रृंखला बनी रहेगी। इसी माह श्रीकृष्ण जन्माष्टमी सहित श्रीगणेश चतुर्थी पर्व मनाया जाएगा। रक्षाबंधन पर्व पर अंचल में हर्षोल्लास का माहौल है।



- 7.49 से 9.27 बजे तक शुभ बेला, 1 बजे तक अभिजीत बेला
- लाभ बेला 2.21 से 5.37 बजे तक, भद्रा का दिन में साया नहीं



### दिनभर मुहूर्त

पंडितों के मुताबिक इस वर्ष 8 अगस्त को दोपहर 2.12 बजे से मध्यरात्रि 1.53 बजे तक शुक्रवार की रात भद्राकाल रहेगा, इसलिए भद्राकाल की कोई समस्या नहीं होगी। 9 अगस्त को सुबह से दिनभर रक्षाबंधन के लिए मुहूर्त रहेगा। खासकर शुभ बेला सुबह 7.49 से 9.27 बजे, अभिजीत बेला 12.17 से 1.09 बजे, चंचल बेला 12.43 से 2.21, लाभ बेला 2.21 से 5.37 बजे तक रहेगा। दिनभर रक्षाबंधन के लिए मुहूर्त है।

### यात्री वाहनों में भीड़

इधर पर्व को लेकर यात्री वाहनों में भी विगत दो दिनों से यात्रियों की भीड़ का वातावरण बना हुआ है। शहर के नए व पुराने बस स्टैंड से लेकर रेलवे स्टेशन एवं ग्रामीण मार्ग के बस स्टैंड में सुबह से देर शाम तक भीड़ रही। पंडितों के अनुसार दिनभर रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा। यात्री वाहनों में आगामी दिनों भी लगातार भीड़ बने रहने की संभावना है।

### मिठाई दुकानों में भीड़

ज्ञात हो कि पर्व को लेकर पूर्व से ही शहर व ग्रामीण बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर एक से बढ़कर एक राखियों की दुकानें सजी हुई है, जहां से खरीदी भी की जा रही है। शुक्रवार को बाजार में सुबह से लेकर देर शाम तक पर्व की खरीदी करने के लिए लोगों की भीड़ बनी रही। राखी दुकानों के अलावा शहर के मिठाई दुकानों में भी सुबह से लेकर देर शाम तक काफी भीड़ रही। सामान्य दिनों की अपेक्षा आज दिनभर चहल-पहल की स्थिति निर्मित रही। इसके अलावा उपहार सामग्री, कपडे, ज्वेलरी सहित अन्य दुकानों में भी जमकर खरीदी की गई है।

### अं. चौकी जनपद उपाध्यक्ष के खिलाफ भाजपा में निष्कासन की तैयारी, पुलिस कर रही है जांच

# सरपंच से वसूली मामले में फंसे जपं उपाध्यक्ष को भाजपा ने थमाई नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



अंबागढ़ चौकी जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष के कुर्सी पर विराजमान भाजपा नेता शंकर तिवारी के वसूली तथा ब्लैकमेलिंग के मामले मे मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला भाजपा ने प्रकरण को बेहद गंभीरता से लेते नोटिस जारी कर जनपद उपाध्यक्ष को 5 दिनों के भीतर जवाब मांगा है। भाजपा नेताओं के मुताबिक उपाध्यक्ष की भाजपा पार्टी से निष्कासन तय बताया जा रहा है। इधर ब्लैकमेलिंग की शिकार कोरचाटोला की आदिवासी महिला सरपंच कौड़ीकसा भाजपा मंडल की उपाध्यक्ष के पद पर है।

उल्लेखनीय है कि अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम कोरचाटोला सरपंच एवं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नीलिमा ठाकुर ने प्रशासनिक अधिकारी जिला भाजपा अध्यक्ष को लिखित शिकायत व उनके साथ हो रहे ब्लैकमेलिंग तथा वसूली से जुड़े शिकायत, ऑडियो रिकॉर्ड, वीडियो क्लिप प्रेषित किया है। आदिवासी महिला कोरचाटोला की प्रधान नीलिमा ठाकुर ने शिकायत में कहा है कि अंबागढ़ चौकी जनपद उपाध्यक्ष शंकर तिवारी बीते कई दिनों से 70 हजार रुपए की मांग कर रहा है। वह इस ब्लैकमेलिंग से मानसिक रूप से प्रताड़ित हो गई है। उपाध्यक्ष द्वारा फिर से तत्काल 40 हजार की मांग पर 4 अगस्त सोमवार को जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी के परिसर में बुलाकर 15 हजार नगद लिया गया। कोरचाटोला की आदिवासी महिला सरपंच नीलिमा ठाकुर ने जिला भाजपा को लिखे पत्र में कहा है कि वह एक आदिवासी महिला सरपंच है। भाजपा परिवार की समर्थक है, पिछले कई वर्षों से पार्टी में काम कर रही है, वर्तमान में वह कौड़ीकसा मंडल में भाजपा उपाध्यक्ष का दायित्व निभा रही है, पति की मृत्यु हो गई है जनपद उपाध्यक्ष शंकर तिवारी द्वारा उसे बार-बार पैसों की मांग करते हुए मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया है। जिससे वह बुरी तरह से टूट चुकी है। जनपद उपाध्यक्ष द्वारा अन्य सरपंच व सचिवों से भी पैसों की मांग किया गया और वसूली की गई है।

### पार्टी की तरफ से जारी हुआ नोटिस

*अंबागढ़ चौकी जनपद उपाध्यक्ष शंकर तिवारी के ब्लैकमेलिंग अवैध वसूली के मामले में जिला भाजपा महामंत्री ने नोटिस जारी करते 5 दिनों के भीतर जवाब मांगा है। पार्टी को वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने बताया कि इस मामले से भाजपा बदनाम हो रही है, जल्द उक्त नेता के खिलाफ कार्रवाई करते निष्कासन सुनिश्चित की जाएगी।*

### वसूली के ऑडियो-वीडियो वायरल

*जनपद उपाध्यक्ष शंकर तिवारी द्वारा सरपंच के ऊपर ब्लैकमेलिंग कर दबाव बनाते फोन रिकॉर्डिंग तथा एक और वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें अपने ही पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष तथा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह को निपटाने की बात कही जा रही है।*

## सारथीपारा में बैठक कल

**राजनांदगांव।** जिला संयुक्त सेवा भजन मानस मंडल की पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी की बैठक आगामी 10 अगस्त को शिव मंदिर सारथीपारा में दोपहर 2 बजे रखा गया है। बैठक में आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व मनाने पर विचार कर चर्चा एवं निर्णय लिया जाएगा। संगठन सचिव मोहन लाल सेन एवं संघ के सचिव अशोक सारथी ने मंडलियों के उस्ताद एवं सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है उक्त जानकारी संघ के सचिव अशोक सारथी एवं अध्यक्ष मनसुखलाल सोनकर ने दी।

## फर्जी सिम एजेंट गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** दूसरे के नाम पर फर्जी रूप से सिम उपलब्ध करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त पीओएस फर्जी सिम धारक, पीओएस संचालकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। विवेचना के दौरान आरोपी ईशु पटेल 20 साल पता ग्राम कोनारी थाना डोंगरगांव का पता तलाश कर पूछताछ कर कथन लिया गया। कथन में आरोपी ने बताया कि ग्राम मारगांव निवासी तीन लोगों के नाम पर नया सिम का ऑफर एक महीने का रिचार्ज फ्री मिलेगा, ऐसा लालच देकर नए सिम नंबर एक्टिवेट किया था। सिम को अपने मोबाइल नंबर से मित्रा ऐप चलाकर सिम एक्टिवेट करना व जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी के कब्जे से एक पोक्को मोबाइल जब्ती कर आरोपी को ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।



## खबर संक्षेप

### रक्षाबंधन त्यौहार व राखी बनाओं प्रतियोगिता आयोजित की गई, छात्राओं ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा



**हरिभूमि पंडरिया।** एंबीशन पब्लिक स्कूल पंडरिया में छात्राओं ने छात्रों को राखी बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ता रक्षाबंधन के संदेश को मजबूती प्रदान की। स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के बीच एक-दूसरे के सम्मान की भावना होनी चाहिए। सम्मान का सबसे उत्कृष्ट रिश्ता है। भाई-बहन का इस भावना को ध्यान में रखते हुए रक्षा बंधन कार्यक्रम आयोजित की गई। इस अवसर पर प्राचार्य आरएन बेहरा ने छात्राओं से राखी बंधवाई। बच्चों में कलात्मक दृष्टि से विकास करने के लिए उनके बीच राखी बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। राखी बनाने की सामग्री बच्चे अपने घर से लेकर आए थे। बच्चों ने अपनी कलात्मक कौशल का प्रदर्शन करते हुए रंगारंग आकर्षक पैटर्न और डिजाइन के साथ राखी बनाई।

### विस अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से कवर्धा जूजित्सु मार्शल आर्ट के खिलाड़ियों, कोच ने की मुलाकात



**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के जूजित्सु मार्शल आर्ट खिलाड़ियों से एक विशेष मुलाकात हुई यह खिलाड़ी कई स्टेट व नेशनल खेल चुके हैं, जिले के जूजित्सु मार्शल आर्ट के सचिव व राष्ट्रीय कोच व रेफरी दुर्गेश मोटघरे ने बताया की यह सभी खिलाड़ी पिछले कई वर्षो से कवर्धा जिले के लिए मेडल प्राप्त कर जिले का नाम रौशन किया। वहीं आगामी में होने वाली प्रतियोगिता की तैयारी नेशनल एशियन गेम्स वर्ल्ड चैंपियनशिप की कोच द्वारा कराया जा रहा है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह द्वारा खिलाड़ियों को मिठाइयां खिलाकर उनका उत्साह बढ़ाया और जितने भी आगामी प्रतियोगिताएं होने वाले हैं उसमें खिलाड़ियों को उत्साहित कर मेडल लाने के लिए प्रेरित किया साथ ही कोच दुर्गेश मोटेघरे को उत्साहित कार्य के लिए प्रेरित किया बधाई प्रेषित की। इस दौरान खिलाड़ी भूमिक नेता, निसत गुंबर, आदित्य अग्रवाल, प्रथम पारख, खुशी अग्रवाल, ऋतिक चंद्रवंशी, मंशित सिंह छाबड़ा, रौनक चंद्रवंशी व जिले के अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समूह की अध्यक्ष श्वेता अग्रवाल, मोहन नेताम, भुवनेश्वरी नेताम, तुलेश्वर नेताम उपस्थित थे।

### पालक-बंजारी में पालक-शिक्षक मेगा बैठक संपन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पालक-बंजारी में शासन के निर्देशानुसार बुधवार को प्रथम पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक में बच्चों की पढ़ाई के लिए घर में अनुकूल माहौल बनाने, उनकी दिनचर्या पर चर्चा करने, बेझिझक बोलने का अवसर देने, अकादमिक प्रगति व परीक्षा परिणाम की समीक्षा, जाति प्रमाण पत्र निर्माण, मध्यान्ह भोजन, पुस्तक, गणवेश, स्वास्थ्य सुविधाएं तथा शनिवार गतिविधियों की जानकारी दी गई। शिक्षकों ने बच्चों की उपस्थिति पर चिंता जताते हुए पालकों से उन्हें नियमित रूप से शाला भेजने का आग्रह किया। इस अवसर पर प्रधानपाठक सुरतिया राम साहू, प्राथमिक प्रधान पाठक सुरेश धुर्वे, शिक्षक कृष्णकुमार बघेल, एमेल्डा मिंज, शरद नागवंशी, राम विश्वकर्मा सहित पालक गण श्रीमती तीजनबाई, श्रीमती बिहदरीन बाई, श्रीमती भागमती, सोमती, असडुराम, नेवल सिंह, गंगोत्री उपस्थित थें। बैठक की मानिटरिंग कर प्रोत्साहन देने के लिए डॉ एसके मिश्रा (उपसंचालक नोडल अधिकारी), सोहन यादव (संकुल प्राचार्य) और तीजराम विश्वकर्मा (संकुल समन्वयक) उपस्थित थें।

### समस्या : क्षेत्र के किसानों को उठानी पड़ रही भारी दिक्कते

# खाद गोदाम जर्जर, दीवारों पर दरार, छत से टपक रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

विकासखंड बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत हरिनछपरा स्थित खाद गोदाम भवन 35 से 40 वर्षो से लगातार संचालित हो रहा है। लंबे समय से मरम्मत और रखरखाव के अभाव में यह भवन अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है। गोदाम की दीवारों में मोटी-मोटी दरारें पड़ गई हैं, छत से लगातार पानी टपक रहा है, प्लास्टर झड़ चुका है और लोहे के छड़ पूरी तरह जंग खा चुके हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि भवन की हालत इतनी खराब है कि कभी भी दीवार या छत गिर सकती है, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं बारिश के दिनों में हालात और भयावह हो जाते हैं। पानी दीवारों पर ठहरने से नीचे का हिस्सा सड़-गल चुका है। कई जगह दीवारें बाहर की ओर झुक गई हैं। छत से टपकते पानी के कारण अंदर रखे खाद और राशन में नमी आ जाती है। इस वजह से चावल, नमक जैसे खाद्य सामग्री खराब हो रही है और चूहों द्वारा बोरे कुतरने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। यह गोदाम बिलासपुर नेशनल मार्ग किनारे स्थित है और आसपास के 8 से 10 गांव के किसान यहीं से खाद का उठाव करते हैं। यहां प्रतिदिन किसानों की आवाजाही रहती है, लेकिन इस जर्जर भवन में प्रवेश करते समय हर किसी के मन में डर बना रहता है कि कहीं कोई हादसा न हो जाए। ग्रामीणों का कहना है कि इस भवन में खाद और राशन सुरक्षित नहीं है और सबसे बड़ा खतरा यह है कि किसी भी समय इसकी छत या दीवार गिरने से जनहानि हो सकती है। किसानों और हितग्राहियों राशन कार्ड धारियों ने बार-बार मांग की है कि इस खाद गोदाम का नवनिर्माण किया जाए, ताकि खाद और राशन सुरक्षित रहे और लोगों की जान पर मंडरा रहा खतरा टल सके।



#### नए भवन निर्माण की मांग की गई

स्थानीय लोगों ने ग्राम पंचायत और संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से अपील की है कि तत्काल संज्ञान लेकर नया भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाए। उनका कहना है कि जब तक नया भवन नहीं बनता, तब तक खाद और राशन का वितरण किसी सुरक्षित स्थान से किया जाना चाहिए, जिससे हादसे की संभावना को टाला जा सके।



## अभाविप ने रक्षाबंधन पर्व पर पुलिस जवानों को बहनों ने बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के वचन का प्रतीक है। इस अवसर पर अभाविप की बहनों ने देश की सीमाओं की रक्षा में दिन-रात तत्पर पुलिस के साथ यह पवित्र पर्व बड़े हर्ष और गौरव के साथ मनाया। कार्यक्रम अंतर्गत बहनों ने पुलिस भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उन्हें मिठाई खिलाई और उनके सुरक्षित, स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की। पुलिस जवानों ने भी बहनों को आश्वस्त किया कि वे सदैव देश की रक्षा के साथ-साथ उनकी सुरक्षा और सम्मान की रक्षा के लिए समर्पित रहेंगे। इस अवसर पर अंजली झारिया ने कहा पुलिस जवान हर मौसम, हर परिस्थिति में देश की सीमाओं के बाहर व अंदर भी हमारे पुलिस बल पर डटे रहते हैं, चाहे वह तीज त्यौहार हो या कठिन परिस्थितियां। उनके साथ रक्षाबंधन मनाना केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि उनके त्याग और साहस को सम्मान देने का एक माध्यम है। कार्यक्रम में भावनात्मक दृश्य भी देखने को मिले जब बहनों ने सैनिक भाइयों को राखी बांधते हुए अपनी आंखों में गर्व और प्रेम के आसू महसूस किए। कई बहनों ने कहा कि वे आज केवल अपने भाई को नहीं, बल्कि पूरे देश के रक्षकों को राखी बांध रही हैं। रक्षाबंधन का यह विशेष आयोजन न केवल भाई-बहन के रिश्ते की पवित्रता को दर्शाता है, बल्कि यह भी सिद्ध करता है कि पूरा देश एक परिवार है और हमारे सैनिक उस परिवार के सबसे साहसी प्रहरी हैं।

## हाई स्कूल भगतपुर में मेगा शिक्षक-पालक बैठक आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

बुधवार को शासकीय हाई स्कूल भगतपुर में शिक्षक-पालक मेगा बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्व प्रथम मां सरस्वती की छाया चित्र में विधि विधान से पूजा-अर्चना कर किया गया, बैठक में उपस्थित सभी पालको को संस्था प्रमुख रामकुमार कौशिक द्वारा बच्चों के घर का वातावरण, छात्र दिनचर्या, बच्चे ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा, बस्ता रहित शनिवार, स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण, जाति-निवास, आमदनी-प्रमाण पत्र, छात्रवृत्ति, एवं विभागीय योजनाओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया। वहीं उपस्थित पालको द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु सुझाव भी दिया गया। तत्पश्चात सभी पालको व शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा एक पेड़ मां के पौधरोपण किया गया। इस बैठक में पूर्व सरपंच रामफल चंद्रवंशी, रामविजय केशकर, संतराम बघेल, ललित पात्रे, अमरदास सोनवानी, मनोहर कुर्रे, द्वारिका साहू, कपिल साहू, सुरेन्द्र पात्रे, बबलू यादव, नारद यादव, संस्था प्रमुख रामकुमार कौशिक, श्रीमती शकुन चंद्रवंशी व्याख्याता, जोधन प्रसाद चंद्रवंशी एवं बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं, पालक गण तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### नपा परिषद पंडरिया में सीमांतर्गत व्यवसायो का पंजीयन अनिवार्य

**हरिभूमि पंडरिया।** नगर पालिका परिषद पंडरिया सीमांतर्गत संचालिम समस्त व्यवसायो का पंजीयन नगर पालिका परिषद पंडरिया में कराया जाना अनिवार्य होगा। शहर के भीतर आज हजारो की संख्या में दुकान-कार्यालय एवं व्यावसायिक प्रतिष्टान खुल गए है, लेकिन नगर पालिका अधिनियम के अनुसार नगरीय निकाय क्षेत्र में संचालन की अनुमति नहीं दी गई है और न ही निकाय में पंजीयन कराया गया है। नगर पालिका पंडरिया समस्ग दुकान संचालक-व्यवसायिक-कार्यालय संचालन से अपील है कि अपने व्यव्यसायो का लोकसेवा केन्द्र के माध्यम से पंजीयन अवश्य कराए भविष्य में बिना पंजीयन के समस्त व्यवसाय करने वालो पर शासन निर्देशानुसार व्यध्यानीक कार्यवाही की जा सकेगी। नगर पालिका पंडरिया के मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमिताभ शर्मा द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियो एवं व्यापारिक संगठनो के पदाधिकारियो से इस संबंध में अपील की गई है की वे अपने शहर के विकास और विस्तार में सहभागी बने और नगर पालिका पंडरिया का सहयोग प्रदान करे। नगर पालिका द्वारा शीघ्र ही इस संबंध मे व्यापारीक संगठनो एवं व्यवसायीक संस्थानो के साथ एक विशष बैठक इस संबंध में नगर पालिका में की जाएगी।

# सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत 17 छात्राओं को सायकल वितरित की गई

## सोनबरसा में सत्र का प्रथम मेगा पालक-शिक्षक बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शासकीय हाई स्कूल सोनबरसा में छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार सत्र 2025-26 का प्रथम मेगा पालक बैठक आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की तैलचित्र पर विधि विधान से पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता अमित मिश्रा द्वारा किया गया। तत्पश्चात बैठक में बच्चों व शिक्षा की गुणवत्ता और विकास के लिए पालकों का सुझाव मांगा गया, जिसमें सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अनिल केशरवानी द्वारा कक्षा 10वीं में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओ को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य आरएस पाटिल द्वारा बच्चों की दिनचर्या पर घर में पालक कैसा ध्यान रखें, इस पर अपना विचार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच श्रीमती उमा ने बच्चों को अच्छे से पढ़ाई कर गांव व क्षेत्र का नाम रौशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। शिक्षक राहुल सिंह ठाकुर द्वारा आय-जाति-निवास व प्रमाण पत्र बनाने की सरल विधि बताया गया। बैठक पश्चात सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत पात्र 17 छात्राओं को सायकल वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महेतरू कश्यप, अशोक कश्यप, मोहन, बलदाऊ, ठाकुर राम, गुलाब यादव, अगर दास, शिक्षक कुमार चंद्रवंशी, श्रीमती उमा वर्मा, श्रीमती रंजना राजपूत, गौकरण, आनंद, डोमेन्द्र सिंह नायक, निलेश तंबोली साथ ही छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक चिंताराम पात्रे द्वारा किया गया।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रूसे में मेगा पालक-शिक्षक बैठक संपन्न



**हरिभूमि कोलेगांव।** शासन प्रशासन के निर्देशानुसार बुधवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूसे में मेगा पालक शिक्षक बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रुप से शाला समिति अध्यक्ष गीताराम साहू, ग्राम से प्रमुख समाजसेवी डॉ शंकरलाल चंद्रवंशी, तुलसीराम कामले, मुकेश पटेल उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होने विद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु उपस्थित पालक, शिक्षकों से निवेदन किया साथ-साथ बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आकर शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। डॉ शंकर लाल चंद्रवंशी द्वारा शिक्षकों एवं पालक को आपसी सामंजस्य से विद्यालय को गुणवत्ता युक्त बनाने के लिए सुझाव दिया गया। वहीं पालक द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के मध्याह्न भोजन में गुणवत्ता सुधार हेतु सलाह दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नंदू निर्मलकर, व्याख्याता लखन चंद्रवंशी, सुनील साहू, मुकेश चंद्राकर, शिवानंद गिरी, गेंदूलाल चंद्राकर, मुन्नालाल चंद्राकार, रमन वर्मा, सुधीर पाण्डेय, भूपत नायक, आशा चंद्राकर, कुसुमलता साहू, अनिल ठाकुर, रामू चंद्रवंशी, उषा साहू एवं नमेंद्र चंद्राकर उपस्थित थें।

### महत्वपूर्ण जानकारियां जिला व मंडल, बूथ व शक्ति केंद्र के प्रभारी-सहप्रभरियों के साथ साझा की

# तिरंगा यात्रा के संबंध में जिला भाजपा की कार्यशाला संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भाजपा कार्यालय कवर्धा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में तिरंगा यात्रा की जिला संयोजक व विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा अभियान को सफल बनाने हेतु जारी की गई महत्वपूर्ण जानकारियों को जिला व मंडल के पादधिकारियों, बूथ व शक्ति केंद्र के प्रभारी-सहप्रभरियों के साथ साझा किए और सभी को जिम्मेदारियां सौंपी गई। श्रीमती बोहरा ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष पार्टी के कार्यकर्ता आम जनमानस के साथ तिरंगा यात्रा एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से देश भक्ति के कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित करते हुए देश की एकता एवं अखंडता के प्रति संकल्प लेते हैं। अभियान के तहत 10 से 14 अगस्त तक प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा एवं 13 अगस्त तक सभी घरों, प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराना पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। देश के प्रधानमंत्री की दृढ़ इच्छा शक्ति एवं निर्णायक नेतृत्व, सेना का शौर्य एवं पराक्रम तथा देशवासियों की एकजुटता के संकल्प से आपरेशन सिन्दूर पूर्णतः सफल रहा। यह मोदी के नेतृत्व में नया, समृद्धशाली, शक्तिशाली एवं आत्मनिर्भर भारत है, सभी को इस पर गर्व है। पूरे देश भर में हर्षोल्लास के साथ हाथों में तिरंगा लेकर के देश भक्ति के कार्यक्रम आपरेशन सिन्दूर की सफलता के उपरांत मनाया गया। इस वर्ष भी उसी उत्साह के साथ हमारे सेना के जवानों के शौर्य एवं राष्ट्रीय जनजागरण के उद्देश्य से हर घर तिरंगा अभियान मनाया जाएगा, जिसके संबंध में कार्यशाला में समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया जहां विस्तृत चर्चा कर अभियान को सफल एवं भव्य बनाने के लिए रूपरेखा तैयार की गई। जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी ने बताया कि हम सबको स्मरण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात में कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के लिए सबका जोश हाई रहता है, गरीब हो, अमीर हो, छोटा घर हो या बड़ा घर हो, हर कोई तिरंगा लहराकर गर्व का अनुभव करता है। जब कॉलोनी या सोसायटी के एक-एक घर पर तिरंगा लहराता है तो देखते-देखते दूसरे घरों पर तिरंगा दिखने लगता है। यानि हर घर तिरंगा अभियान तिरंगे की शान में एक यूनिक फेस्टिवल बन चुका है। तिरंगे को लेकर यह उल्लास, यह उमंग हमें एक दूसरे से जोड़ती है। इसी उद्देश्य व संकल्प को पूरा करते हुए आज कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जिला के सभी वरिष्ठजन, जिला एवं मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, मोर्चा व प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, बूथ व शक्ति केंद्र के प्रभारी-सहप्रभरियों के साथ व्यापक चर्चा की गई और सभी को जिम्मेदारियां सौंपी गई। कार्यशाला में जिले के सभी भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।



शर्मनाक: निर्दयी मंदिर परिसर में बच्ची को छोड़कर भागे, जांच में जुटी पुलिस

# चिल्फी में हनुमान मंदिर परिसर में लावारिस मिली नवजात बच्ची

हरिभूमि न्यूज ▶▶|चिल्फीघाटी




कबीरधाम जिले से एक बार फिर मां की ममता को कलंकित करने वाली तथा दिल को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। इस बार यह घटना जिले के वनांचल ग्राम चिल्फीघाटी से सामने आई है। बताया जाता है कि यहां रात के अंधेरे का फायदा उठाकर किसी निर्दयी ने नवजात को घाटी में रायपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे 30 में स्थित हनुमान मंदिर परिसर में मरने के लिए छोड़ दिया। बताया जाता है कि जब आधी रात को लोग इस रास्ते से गुजर रहे थे तो उन्होने मंदिर के सामने एक बच्चे के रोने की आवाज सुनी। रात के अंधेरे में और बीच जंगल में जब लोगों के कानो में बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी तो उनसे रहा नहीं गया और उन्होने रूककर मंदिर परिसर में देखा तो उनके होश उड़ गए। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक नवजात बच्ची को कपड़े में लपेटकर लावारिस छोड़ दिया गया। जिसकी सूचना लोगों ने तत्काल डॉयल 112 को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची चिल्फी थाना पुलिस की टीम ने बच्ची को अपने संरक्षण में ले लिया। आरक्षक गंगा धुर्वे ने संवेदनशीलता दिखाते हुए बिना देरी किए नवजात को जिला अस्पताल कवर्धा भिजवाया, जहां फिलहाल उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार बच्ची की हालत स्थिर है और वह सुरक्षित है। लेकिन यह घटना समाज के उस कठोर पहलू को उजागर करती है जहां मासूम की जिंदगी का कोई मोल नहीं है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## लगातार सामने आ रही हैं इस तरह की घटनाएं

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में मां की ममता को कलंकित करने वाली और मानवता को शर्मसार करने वाली इस तरह की घटनएं लगातार सामने आ रही है। अभी हाल ही में जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित मिनीमाता चौक के पास एक नवजात का भ्रूण पड़ा मिला था। इससे पूर्व सकरी नदी पुल में भी मान भ्रूण मिल चुका है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इस तरह के मामलों में आज तक पुलिस संबंधित आरोपी को नहीं तलाश पाई है।

# रक्षाबंधन की सभी तैयारियां पूरी, आज मनाया जायेगा स्नेह का पर्व रक्षाबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाए जाने वाले भाई-बहनो के स्नेह का पर्व रक्षा बंधन इस बार भद्रा से मुक्त है। ऐसे में लोग 9 अगस्त को अपनी सुविधा के अनुसार पर्व मना सकते हैं। यही वजह है कि पर्व को लेकर लोगों में इस बार खासा उत्साह भी दिख रहा है और उमंग भी। लोग पर्व की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। पर्व को लेकर नगर व अंचल के बाजारों में भी खासी रौनक देखने को मिल रही है। सार्वधिक भीड़ राखी की दुकानों के साथ कपड़ों और मिठाईयों की दुकानो में देखी जा रही है। जानकारों के मुताबिक इस बार 08 अगस्त को भद्रा की शुरुआत 02 बजकर 12 मिनट से हो गई है। वहीं इसका समापन 09 अगस्त को देर रात 01 बजकर 52 मिनट पर होगा। इसलिए अगले दिन यानी 09 अगस्त को रक्षा बंधन मनाया जाएगा।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल में मनाया गया रक्षाबंधन



दिल्ली पब्लिक स्कूल, महाराजपुर, कवर्धा में 8 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व के पावन अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। सभा की शुरुआत रक्षाबंधन के महत्व को दर्शाने वाली प्रेरणादायक प्रस्तुतियों के साथ हुई, जिसके पश्चात बच्चों द्वारा एक सुंदर सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति दी गई, जिसने सभी का मन मोह लिया। तत्पश्चात, छात्राओं ने विद्यालय के ड्राइवर, कंडक्टर एवं सभी पुरुष कर्मचारियों की कलाई पर राखी बांधकर, उन्हें सम्मान, अपनत्व और आभार का भाव अर्पित किया। जिससे विद्यालय परिसर में स्नेह, सहयोग और सद्भावना का वातावरण बन गया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण कक्षा 9 और 10 की छात्राओं द्वारा बनाई गई तिरंगा राखिया रहीं। इन राखियों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह छवई एवं अन्य पुलिसकर्मियों को बांधकर उनका अभिनंदन किया। यह क्षण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण, भावनात्मक एवं प्रेरणास्पद रहा, जिसने उनमें राष्ट्रसेवा, सम्मान और कृतज्ञता की भावना को प्रबल किया। इसी अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कक्षा-स्तरीय रचनात्मक गतिविधियाँ भी आयोजित की गई। जिनमें बीजों, मसालों एवं सूखे फलों से राखी निर्माण, तिरंगा रंगोली, सैनिकों को पत्र लेखन एवं तिरंगा राखी तैयार कर उन्हें भेजने जैसे रचनात्मक कार्य शामिल रहे। विद्यार्थियों ने आवश्यक सामग्री स्वयं लाकर इन गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी दिखाई। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती ग्रेसिया एन फीग्रेड ने छात्रों की रचनात्मकता और भावनात्मक अभिव्यक्ति की सराहना करते हुए कहा ऐसे आयोजन बच्चों को भारतीय संस्कृति, सृजनशीलता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ते हैं और उन्हें एक बेहतर नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। यह संपूर्ण आयोजन विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत सार्थक, प्रेरणादायक एवं स्मरणीय रहा।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय समिति की बैठक 12 अगस्त को

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन की नक्सलवादी आत्मसमर्पण, पीड़ित राहत पुनर्वास नीति-2025 के अंतर्गत आत्मसमर्पित महिला नक्सली कवासी हिडमे उर्फ रनिता, पिता कवासी सन्नू, उम्र 24 वर्ष, निवासी पुलमपाड, थाना चिंतलनार, जिला सुकमा को राहत एवं पुनर्वास योजना के तहत सुविधाएं प्रदान किए जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। कलेक्टर गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में 12 अगस्त 2025, दोपहर 12 बजे, जिला कार्यालय कबीरधाम के सभाकक्ष में संपन्न होगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने समिति के समस्त सदस्य एवं संबंधित अधिकारीगण को निर्देशित करते हुए निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक अभिलेखों एवं जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होंने कहा है।

### सुखाताल में राधुनी का आयोजन आज से

**कवर्धा।** ग्राम सुखाताल (नयापारा) में 09 अगस्त दिन शनिवार से है 10 अगस्त दिन रविवार तक 24 घंटे का श्रीराम संकीर्तन रामधुनी (झुला) का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के काशीराम वर्मा, जगन्नाथ वर्मा, सुशील वर्मा, रामसुख वर्मा, दीपक वर्मा, आनंद वर्मा, रामलोचन वर्मा, सनत साहू ने बताया कि ग्राम सुखाताल (नयापारा) में 09 अगस्त से दो दिवसीय श्रीराम संकीर्तन रामधुनी (झुला) का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र की मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। आयोजकों द्वारा इस धार्मिक आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# रक्षाबंधन पर मिठाइयों की गुणवत्ता पर विभाग की नजर, दुकानो में दबिश



■ 33 सैम्पल राज्य लैब भेजे, 80 नमूनों की मौके पर जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

खाद्य एवं औषधि प्रशासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 4 से 6 अगस्त तक राज्य स्तरीय सघन जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया गया।

इसी के तहत कबीरधाम जिले में भी कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन में 3 दिवसीय अभियान संचालित हुआ। इस दौरान वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार नेले एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार साहू के नेतृत्व में कवर्धा, सहसपुर लोहरा, पंडरिया और बोड़ला ब्लॉकों के मिठाई दुकानों, रेस्टोरेंट, स्ट्रीट फूड वेंडरों और अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। अभियान के तहत कुल 33 सैम्पल एकत्र कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजे गए।

साथ ही चलित प्रयोगशाला से 80 खाद्य नमूनों की मौके पर ही जांच की गई और उपभोक्ताओं एवं व्यापारियों को मानक खाद्य सामग्री के उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। अधिकारियों ने बताया कि बरसात के मौसम में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर अक्सर संदेह बना रहता है और रक्षाबंधन पर्व के दौरान मिठाइयों व खाद्य सामग्री की मांग अधिक होने से अवमानक उत्पाद बिकने की संभावना रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए अभियान चलाया गया। राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद, अवमानक या असुरक्षित खाद्य बेचने वाले प्रतिष्ठानों और निर्माताओं के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा नियम 2011 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अभियान के दौरान खाद्य कारोबारियों को मानक स्तर की खाद्य सामग्री बेचने, साफ-सफाई रखने, बिना लाइसेंस या पंजीयन के व्यापार न करने, मिठाई निर्माण एवं समाप्ति तिथि अंकित करने, मिठाइयों के निर्माण में स्वच्छता अपनाने, त्योहारी सीजन में केवल शुद्ध मिठाई ही विक्रय करने और हैण्ड ग्लव्स व कैप का प्रयोग करने के निर्देश दिए गए। विभाग ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि खाने-पीने की वस्तुओं की पैकिंग में छपाई वाले कागज का उपयोग न करें, क्योंकि इसमें मौजूद रसायन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। यदि कोई व्यापारी ऐसा करता है तो उसे इसके दुष्प्रभावों की जानकारी दें और ऐसा न करने की सलाह दें।

## बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अव्यवस्था



**बोड़ला।** वनांचल क्षेत्र के विकासखण्ड मुख्यालय बोड़ला में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भारी अव्यवस्था और रखरखाव का आभाव देखा जा रहा है। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। बताया जाता है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में पार्षद निधि से शव रखने के लिए फ्रीजर दिया गया था। लेकिन आज अस्पताल प्रशासन की खस्ताहाल व्यवस्था और रखरखाव के आभाव में यह फ्रीजर शव रखने लायक नहीं है। बताया जाता है कि फ्रीजर गंदगी से अटा पड़ा है वहीं शव रखने वाले कक्ष में दुर्गन्ध और बदबू है जिसके कारण कर्मचारी भी अंदर जाने से कतरा रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ बीएमओ मुख्यालय में नहीं रहते और जिला मुख्यालय कवर्धा से आना जाना करते हैं जिसके कारण यहां वे समय नहीं दे पा रहे हैं यही वजह है कि बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाएं चरमाराई हुई है और लोगों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

# विश्व आदिवासी दिवस पर जिला मुख्यालय में निकाली जाएगी महारैली, तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज रूढ़ी जन्य परंपरा आधारित जिला इकाई कवर्धा के संयोजन में 9 अगस्त को जिले में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। जिसकी तैयारियों को समाज द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिला मुख्यालय कवर्धा में 9 अगस्त को निकाली जाने वाली महारैली में जिले में कार्यरत समस्त सामाजिक संगठन अखिल भारतीय आदिवासी धर्म परिषद, वीरांगना रानी दुर्गावती महिला ब्रिगेड, जिला गोंड समाज सेवा समिति, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति, उरांव समाज, आदिवासी हलबा समाज, जिला बैगा समाज, आदिवासी कंडरा समाज, संवरा समाज, अगरिया समाज, आदिवासी धोबा समाज, कंवर समाज, भील, भिलाला समाज के मातृ शक्ति पितृ शक्ति लया लयोर समाज प्रमुख अधिकारी कर्मचारी सभी 09 अगस्त 2025 विश्व आदिवासी मूलनिवासी दिवस को जिला मुख्यालय में आयोजित महारैली में शामिल होंगे।

समाज से मिली जानकारी के मुताबिक महारैली का शुभारंभ संयुक्त राष्ट्र संघ का ध्वज व हमारे देश की शान तिरंगा का संयुक्त रूप से पूजन पश्चात आदिवासी मंगल भवन से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए रानी दुर्गावती चौक में सामूहिक रेला पाटा पश्चात संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। महारैली में आंगादेव, कर्मा, रेला पाटा दल, बैगा नृत्य के नर्तक दल के साथ आदिवासी समाज के मातृ शक्तियां एवं समाज प्रमुख, लया लयोर अपने आदिवासी वेशभूषा में शामिल होंगे।

महारैली में सामाजिक संदेश के साथ-साथ आदिवासी समाज अपने संवैधानिक अधिकार के शत प्रतिशत पालन कराने, भाषा, संस्कृति, देव स्थल आदि को संरक्षित रखने तथा जनगणना में पृथक कॉलम, विश्व आदिवासी दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश की मांग संबंधित तख्तियां महारैली में शामिल करेगा।

# प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार जिला चिकित्सालय में बनेगा दिव्यांगता प्रमाण पत्र

■ पात्रता के लिए प्रस्तुत करने होंगे सभी आवश्यक दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

शासन के निर्देशानुसार जिले में निवासरत सभी दिव्यांगजनों का शत प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाणीकरण एवं यूडीआईडी पंजीयन कराया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही शासन की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे। किसी भी योजना का लाभ लेने के लिए दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड होना अनिवार्य है, किन्तु ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में अनेक दिव्यांगजन अभी तक इनसे वंचित हैं।

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग ने प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जिला चिकित्सालय कबीरधाम के कक्ष क्रमांक 15-बी (दिव्यांग शाखा) में ओपीडी समय प्रातः 09 बजे से दोपहर 01 बजे तक एवं सायं 04 बजे से 06 बजे तक 10-10 की संख्या में दिव्यांगजनों को उपस्थित कराते हुए उनका प्रमाण-पत्र बनाया जाएगा।

प्रमाणीकरण के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड की छायाप्रति, 02 पासपोर्ट साइज फोटो एवं मोबाइल नंबर आवश्यक है, वहीं नवीनीकरण के लिए दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड की छायाप्रति, 02 पासपोर्ट साइज फोटो एवं मोबाइल नंबर अनिवार्य रहेगा। जनपद पंचायत स्तर पर सरपंच एवं सचिव की बैठकों में इस निर्धारित दिवस एवं समय की जानकारी अवश्य दी जाएगी, ताकि व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके और सभी पात्र दिव्यांगजन प्रमाण-पत्र एवं यूडीआईडी पंजीयन कराकर शासन की योजनाओं का लाभ ले सकें।

# पेड़ से टकराई ईको कार, आठ घायल, चार की हालत गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

जिले के चिल्फी थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम राजाढार में शुक्रवार को एक ईको कार दुर्घटना का शिकार हो गई। इस सड़क हादसे में वाहन सवार कुल आठ लोग घायल बताए जा रहे है जिसमें से चार की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को चिल्फी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दाखिल कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को गरियाबंद का एक परिवार पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा सुनकर कार से लौट रहा था। इसी दौरान चिल्फी घाटी में ग्राम राजाढार के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। जिसमें कार सवार आठ लोग घायल हो गए। चार लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद घायलों की चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और फिर घायलों को कार के अंदर से बाहर निकाला गया। वहीं घटना की सूचना पर डायल 112 की टीम भी मौके पर पहुंच गई सभी घायलों में अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए।

न्यायालय नायब तहसीलदार, कुण्डा, जिला कबीरधाम (छ०ग०)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम मोहगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामचरण पिता श्री बऊदा जाति सतनामी निवासी ग्राम मोहगांव तहसील कुण्डा जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा अपने पुत्री सुनैना बंजारे पिता रामचरण बंजारे की जन्म दिनांक 06.11. 2009 को ग्राम मोंहगांव में हुआ है। जिसका जन्म प्रमाण प्रदान किए जाने संबंधी आवेदन पत्र के साथ पंचनाम, चालान, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, शपथ पत्र की प्रति एवं प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 08.08.2025 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार के दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया।

जारी दिनांक - 23.07.2025
पेशी तिथि - 08.08.2025

मुहर

न्यायालय तहसीलदार कुण्डा
जिला कबीरधाम छ.ग.

जिपं सभापति श्री साहू ने की फेंसिंग बाउंड्रीवाल तथा शौचालय निर्माण की घोषणा

# रक्षाबंधन पर सोनपुरी (गुढ़ा) स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा



शासकीय माध्यमिक विद्यालय सोनपुरी (गुढ़ा) में रक्षाबंधन के पूर्व एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे स्कूली छात्राओं द्वारा स्वयं के द्वारा बनाई गई राखी से स्कूली छात्रों को राखी बांधी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत के सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथि श्री साहू तथा प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक तथा स्कूली छात्रों की कलाईयों में राखी बांधकर की। इस अवसर पर श्री साहू ने बच्चों को भाई-बहन के पवित्र संबंध, भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रेरणादायी संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन का त्यौहार नहीं, बल्कि यह आपसी विश्वास, प्रेम और सुरक्षा का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों को अपनाने की भी प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अथिति डॉ वीरेन्द्र साहू ने स्कूली बच्चों तथा स्कूल प्रबंधन की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए फेंसिंग से बाउंड्री वाल निर्माण के लिए 1 लाख रूपए, शौचालय निर्माण के लिए 2 लाख रूपए की घोषणा की। साथ ही स्कूल में पेयजल व्यवस्था के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिए। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर अतिथि द्वारा स्कूली बच्चों को उपहार में टिफिन डिब्बा के साथ भागवत गीता व हनुमान चालीसा भी वितरण किया।

# भारत स्काउट एवं गाइड जिला प्रशिक्षण में छिरहा के विद्यार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा



जिले के शासकीय हाई स्कूल छिरहा द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न प्रकार के पाठ्येत्तर गतिविधियों में शामिल होने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इसी तारतम्य में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रशिक्षण में विद्यालय के चार विद्यार्थी शामिल हुए। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि अशोका पब्लिक स्कूल में आयोजित चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में व्याख्याता रंजीता माहेश्वरी, छात्राएं माधुरी साहू, चम्पाकली लहरे, खुशबू पटेल एवं धानी पटेल ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। तृतीय सोपान के इस प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को स्काउट के नियम, इतिहास, गीत, तंबू व मंकी ब्रिज बनाना, मार्चपास्ट, ध्वज शिष्टाचार, कैम्प फायर, सेवा भावना, अनुशासन आदि के संबंध में प्रशिक्षित किया गया।


विश्व आदिवासी (मूलनिवासी) दिवस
के अवसर पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक बधाई....


09 अगस्त
विश्व आदिवासी (मूलनिवासी) दिवस
जय सेवा की जय जोहार
आगामीराष्ट्रीय जनगणना के प्रपत्र में धर्म कॉलम में ट्राइबल/आदिवासी शब्द लिखावें
हार्दिक शुभकामनायें
विनीत - सिदार जगत परिवार कुई, कुकदुर


समस्त आदिवासी समाज से अपील है आगामी राष्ट्रीय जनगणना के प्रपत्र में धर्म कॉलम में ट्राइबल/आदिवासी कोड लिखावें।
विश्व आदिवासी दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जायें।
मेरावी परिवार की ओर से 9 अगस्त...
विश्व आदिवासी दिवस
की हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं...


समस्त आदिवासी समाज से अपील है आगामी राष्ट्रीय जनगणना के प्रपत्र में धर्म कॉलम में ट्राइबल/आदिवासी कोड लिखावें।
विश्व आदिवासी दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जायें।
धुर्वे परिवार की ओर से 9 अगस्त...
विश्व आदिवासी दिवस
की हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं...


श्याम परिवार की ओर से
विश्व आदिवासी मूलनिवासी दिवस
की अनेंको बधाईयां
विनीतः श्याम परिवार की ओर से जिलेवासियों को हार्दिक बधाई...


परस्ते परिवार की ओर से
विश्व मूलनिवासी दिवस
की हार्दिक बधाई...
लवकुमार परस्ते शिक्षक बदना
ग्राम- नेऊर
श्रीमती रामप्यारी परस्ते शिक्षिका बदना
ग्राम- नेऊर


जय सेवा
जय जोहार
आर. एन. ध्रुव
प्रांताध्यक्ष
एन.आर चन्द्रवंशी
प्रांतीय महासचिव
ललित मोहन भगत
प्रांतीय कोषाध्यक्ष
प्रो. लवन सिंह कंवर
प्रांतीय सचिव
09 अगस्त विश्व आदिवासी (मूलनिवासी) दिवस
पंजीयन क्रमांक 245/2002
की
शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
हार्दिक शुभकामनाएँ एवं सादर सेवा जोहार
समस्त आदिवासी समाज से अपील है आगामी राष्ट्रीय जनगणना के प्रपत्र में धर्म कॉलम में ट्राइबल/आदिवासी कोड लिखावें
विश्व आदिवासी दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जायें।
डॉ. केशव ध्रुव
महासचिव
आसकरण सिंह धुर्वे
जिला अध्यक्ष
अंजोर सिंह सिदार
जिला उपाध्यक्ष
प्रो. डॉ. के. तिग्गा
जिला उपाध्यक्ष
चुरामन धुर्वे
जिला उपाध्यक्ष
प्रो. शिवराम सिंह श्याम
जिला कोषाध्यक्ष
रोहित कुमार धुर्वे
सचिव
विनीत - छ.ग. अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ जिला इकाई - कबीरधाम